नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



पेज -3 पर

सभी जिलों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल मुख्यमंत्री, के नाम ....

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 209 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, बुधवार 8 जून 2022

धरमजयगढ़ के नए एसडीएम मनीष मिश्रा होंगे

पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## राजस्थान जाएंगे कांग्रेस ऑब्जर्वर टीएस सिंहदेव, उदयपुर में विधायकों संग करेंगे मंत्रणा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में हरियाणा के विधायकों की बाड़ेबंदी की गई है तो वहीं राजस्थान में भी विधायकों को हॉर्स ट्रेडिंग से बचाने कवायद की जा रही है। राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा-कांग्रेस के बीच घमासान मचा हुआ है। निर्दलियों ने दोनों ही पार्टियों की टेंशन बढ़ा दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से राजस्थान चुनाव के लिए ऑब्जर्वर बनाए छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव (बाबा) बुधवार सुबह दिल्ली और फिर वहां से उदयपुर जाएंगे। सिंहदेव सुबह 8.55 बजे रायपुर से दिल्ली जाएंगे और फिर दोपहर 1.20 बजे दिल्ली से उदयपुर के लिए रवाना होंगे।



बता दें कि एआईसीसी ने पवन बंसल और टीएस सिंहदेव को राजस्थान राज्यसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाया है। संभवतः पवन बसंल भी दिल्ली से राजस्थान जाएंगे। टीएस सिंहदेव बाड़ेबंदी में कांग्रेस विधायकों सहित मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा, कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों और विधायकों की बैठक लेंगे। उदयपुर के ताज अरावली रिसोर्ट में चुनाव की रणनीति बनेगी। विधायकों से रायशुमारी करेंगे। बता दें कि क्रास वोटिंग की आशंकाओं के बीच कांग्रेस ने विधायकों की बाड़ेबंदी की है। वहीं हरियाणा के विधायक रायपुर के मेफेयर रिसार्ट में कड़ी सुरक्षा के बीच रखे गए हैं।

### राजस्थान में एक सीट पर फंसा है पेंच

राजस्थान राज्यसभा की 4 सीटों पर 10 जून को मतदान होना है। कांग्रेस ने रणदीप सूरजेवाला, प्रमोद तिवारी और मुकुल वासनिक को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, भाजपा ने घनश्याम तिवारी को मैदान में उतारा गया है। भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार उद्योगपति डॉ. सुभाष चंद्रा की चुनावी मैदान में एंटी ने कांग्रेस का समीकरण गड़बड़ा दिया है। विधायकों के संख्या बल के लिहाज से कांग्रेस 2 सीटों पर जीत सकती है। भाजपा की एक सीट पर जीत तय मानी जा रही है, लेकिन एक सीट पर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस सीट को पाने कांग्रेस पार्टी दम लगा रही है। हरियाणा में 2016 के राज्यसभा चुनाव के दौरान पेन कांड हुआ था। चुनाव में भाजपा समर्थित निर्दलीय सुभाष चंद्रा और इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) व कांग्रेस ने संयुक्त रूप से आरके आनंद को टिकट दिया था।

**क्रॉस वोटिंग से बचने बनेगी रणनीति**

एक नजर

### ठेकेदार से मांगी एक करोड़ की फिरौती



हार्डकोर नक्सली के नाम पर मांग रहा था रुपए, गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा।** हेलो! मैं जंगल वाला गणेश बोल रहा हूं। तुम ठेकेदार हो न। तुम बहुत काम कर रहे और बहुत पैसा कमा रहे हो। चलो अब 1 करोड़ रुपए मेरे पास भी छोड़ दो। यदि बात पुलिस को बताई तो सोच लेना इसका अंजाम बुरा होगा।% ठेकेदार को फोन कर फिरौती मांगने वाला यह मामला छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले का है। फोन पर धमकी देने की शिकायत के बाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। फिरौती मांगने वाला कोई नक्सली नहीं, बल्कि ट्रक का हेल्पर निकला। मामला जिले के किरंदुल थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, 29 मई को किरंदुल के बंगाली कैंप में रहने वाले ठेकेदार आरसी नाहक को एक व्यक्ति ने फोन किया था और अपना नाम गणेश बताकर फिरौती मांगी थी। (माओवाद संगठन में गणेश उइके नाम का एक हार्डकोर नक्सली है। जो बस्तर में बेहद चर्चित है।) फोन पर मिली धमकी के बाद ठेकेदार ने इसकी शिकायत थाने में की। जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी।

भाजपा खरीद-फरोख्त में लगी

## सभी विधायक पार्टी लाइन के साथ, हरियाणा में कांग्रेस की जीत तय- सीएम भूपेश बघेल

रायपुर। हरियाणा के राज्यसभा चुनाव की राजनीतिक सरगर्मी छत्तीसगढ़ में दिख रही है। विधायकों से मिलने सीएम भूपेश बघेल नवा रायपुर के मेफेयर होटल पहुंचे। मीडिया से बात करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि मुझे पर्यवेक्षक बनाया गया है।



सांसद दीपेंद्र हुड्डा से भी मुलाकात हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हमारी जीत तय है। विधायकों की संख्या के हिसाब से एक सीट भाजपा और एक सीट कांग्रेस के पास आती, लेकिन जबर्दस्ती एक उम्मीदवार खड़ा कर रस्साकशी बढ़ाया गया है। 2 विधायकों के नहीं आने पर सीएम ने कहा कि वे पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी लाइन से बाहर नहीं हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि यह चुनाव अजय माकन ही जीतेंगे। सीएम ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा के लोग खरीद-फरीख्त करने में लगे हैं। बता दें कि एआईसीसी ने सीएम भूपेश बघेल और छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद बने राजीव शुक्ला को हरियाणा चुनाव के लिए ऑब्जर्वर बनाया है। क्रास वोटिंग की आशंका को देखते हुए कांग्रेस के विधायकों को रायपुर लाया गया है। विधायकों को रायपुर के मेफेयर होटल एवं रिसॉर्ट में रखा गया है। निजी होटलों में विधायकों की खूब मेहमाननवाजी हो रही है। छत्तीसगढ़ के चुनिंदा कांग्रेस नेताओं के साथ हरियाणा पीसीसी के आला नेताओं की मुलाकात हो रही है। भूपेश बघेल तीसरी बार विधायकों से मिलने होटल पहुंचे थे। 2 जून को विधायकों को लाया गया था, तब भी भूपेश बघेल विधायकों से मिलने रात में होटल गए थे। कांग्रेस प्रत्याशी अजय माकन और सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी होटल में हैं। विधायकों की बाड़ेबंदी की वजह से छत्तीसगढ़ की सियासत गर्म है।

बता दें कि सोमवार को पर्यवेक्षक राजीव शुक्ला रायपुर पहुंचे और सीधे नवा रायपुर के मेफेयर होटल एवं रिसॉर्ट गए। उन्होंने कांग्रेस की जीत का दावा करते हुए कहा था कि भाजपा हमेशा खरीद-फरोख्त, हॉर्स ट्रेडिंग में रहती है, लेकिन वे सफल नहीं होंगे। हरियाणा में हर हालत में कांग्रेस की जीत होगी। हमारे साथ पूरे विधायक हैं। 29 विधायक रायपुर आए हैं।

2 विधायक जो नहीं आए हैं वह भी हमारे साथ हैं। पार्टी लाइन से कोई विधायक इधर-उधर नहीं होगा। पार्टी लाइन के साथ सभी वहां अपना काम कर रहे हैं। किसी भी विधायक में कहीं कोई नाराजगी नहीं है। हरियाणा सीट हम जीत रहे हैं।

### कार्तिकेय के नामांकन से क्रास वोटिंग का खतरा

*बता दें कि हरियाणा विधानसभा में राज्य सभा की 2 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं। कांग्रेस ने यहां से अजय माकन को टिकट दिया है। वहीं भाजपा ने कृष्णलाल पंवार को प्रत्याशी बनाया है। पूर्व मंत्री विनोद शर्मा के बेटे कार्तिकेय शर्मा ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। हरियाणा में राज्यसभा सीट जीतने कांग्रेस के पास 31 विधायक हैं, लेकिन कार्तिकेय शर्मा की एंट्री ने पेंच फंसा दिया है। कार्तिकेय के ससुर कुलदीप शर्मा हरियाणा कांग्रेस पार्टी से विधायक हैं। 2 जून को केंद्रीय नेतृत्व ने सभी विधायकों को दिल्ली बुलाया था। उसके बाद सभी को रायपुर रवाना किया गया है। छत्तीसगढ़ भेजे गए कांग्रेस के विधायकों के साथ हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी भी शामिल हैं।*

## सनकी प्रेमी ने नाबालिग प्रेमिका का काटा सिर

ट्यूशन जाने के लिए निकली थी 17 साल की लड़की, एक तरफा प्यार में कुल्हाड़ी चलाई



**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद में मंगलवार सुबह एक युवक ने 17 साल की नाबालिग लड़की का सिर कुल्हाड़ी से काट दिया। लड़की ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रही थी। इसी दौरान आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी युवक को पकड़ लिया है। बताया जा रहा है कि एक तरफा प्यार में सनकी आशिक ने वारदात की है। मामला बालोद थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, सांकरा (क) गांव निवासी भूमिका कोसरे (17) पुत्री घनश्याम कोसरे मंगलवार सुबह करीब 6 बजे ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रही थी। इसी दौरान बरही गांव के रहने वाला रवि निषाद (32) ने उसे रोक लिया और कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर दिया। इसके चलते भूमिका की मौके पर ही मौत हो गई। खून से लथपथ भावना के जमीन पर गिरते ही रवि भाग निकला।

## बिलासपुर में विधवा से दुष्कर्म, बेंगलुरु में पकड़ा गया

**4 साल पहले हुई दोस्ती, प्यार और शादी का झांसा, फिर दूसरे से कर ली सगाई**

**बिलासपुर।** बिलासपुर में विधवा महिला से दोस्ती कर उससे शादी करने का वादा करने और दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक महिला से तीन साल के साथ तीन साल से दुष्कर्म कर रहा था। महिला ने शादी के लिए दबाव बनाया, तब वह उसे छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी युवक को बेंगलुरु से पकड़ा है। मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है।

TI फैजुल शाह ने बताया कि तोरवा क्षेत्र में रहने वाली विधवा महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि करीब 4 साल पहले उसकी पहचान हेमूनगर के वैशाली अपार्टमेंट निवासी सागर पांडेय (30) से हुई थी। पहचान होने के बाद युवक ने उससे दोस्ती की।



फिर बाद में प्यार का इजहार करते हुए शादी करने का वादा किया। महिला उसकी बातों में आ गई। इस दौरान युवक ने उसके साथ लगातार तीन साल तक दुष्कर्म करता रहा।

### दूसरी लड़की से तय कर लिया रिश्ता

विधवा महिला के साथ संबंध बनाने के बाद युवक ने उसे बिना बताए दूसरी लड़की से शादी का रिश्ता तय कर लिया। फिर उसने सगाई भी कर ली। जब विधवा महिला को इसकी जानकारी हुई, तब युवक ने उससे शादी करने से मना कर दिया और संबंध नहीं रखने की बात कही। उसकी हरकतों से परेशान होकर महिला ने पुलिस से शिकायत कर दी।

### बेंगलुरु भाग गया था आरोपी, अब गिरफ्तार

महिला के शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सागर पांडेय के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस की जांच के दौरान पता चला कि युवक बेंगलुरु में है। इस पर तोरवा पुलिस की टीम ने बेंगलुरु में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## सेवा, समर्पण, कल्याण के भाव से सामाजिक न्याय की सिद्धि -डॉ. रमन सिंह

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने 8 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस सरकार का आरंभिक मूल मंत्र रहा, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। इन आठ वर्षों में केंद्र सरकार ने देश के प्रत्येक वर्ग, क्षेत्र और समाज को सशक्त बनाने की दिशा में बुनियादी कार्य किए हैं और उनके विकास को सुनिश्चित किया है। 2014 में प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी सम्हालने के बाद नरेंद्र मोदी जी ने अपनी हर नीति निर्माण और उसके क्रियान्वयन में देश 'प्रथम' के संकल्प पर कायम रहे हैं। पहले जिन मसलों को सुलझाना असंभव माना जाता था, उन्हें संवैधानिक प्रक्रिया से आसानी से सुलझा लेना भी मोदी सरकार के बेमिसाल आठ साल की बड़ी उपलब्धि रही है।

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में वन मंत्री अकबर जनसामान्य से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना

**शिविर में 102 लोगों को राशन कार्ड का वितरण किया गया**

रायपुर। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर आज विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम संघनपुरी जंगल में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में जनसामान्य से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना।



**मंत्री अकबर ने संबंधित विभाग को जनसमस्या की समस्याओं को तत्काल निराकरण करने के दिए निर्देश**

**योजना के माध्यम से हितग्राहियों को आइस बॉक्स और मछली जली का वितरण किया गया**

उन्होंने स्वयं ग्रामवासियों से आवेदन लिए और उनका निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामवासियों से प्राप्त आवेदन पर क्या कार्रवाई की है और इसे कब तक पूरा किया जाएगा इसकी जानकारी विभाग के प्रमुखों से आवेदन कर्ताओं को देने के निर्देश दिए। शिविर में सभी विभागों के प्रमुखों ने प्राप्त आवेदन की जानकारी दी। उन्होंने सभी आवेदनों को पढ़कर सुनाया और कहा की प्राप्त आवेदनों का निराकरण निश्चित समय सीमा में किया जाएगा। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि जिला स्तरीय निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों तक उनके गांव में पहुंचकर उनकी समस्या को सुनकर उनका त्वरित निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि जिन आवेदनों का निराकरण जिला पर होगा उसे तत्काल पूरा किया जाएगा।

जिसका निराकरण जिला स्तर पर नहीं होगा उसका प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भेजा जाएगा। इस दौरान उन्होंने शिविर में 102 लोगों को राशन कार्ड का वितरण किया। साथ ही हितग्राहियों को आइस बॉक्स और मछली जली का वितरण भी किया गया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में लगभग 400 आवेदन प्राप्त हुए। वन मंत्री श्री अकबर ने बिजली विभाग के अधिकारी से कहा कि ग्राम सिंहनपुर में बिजली तार उठाने की आवेदन प्राप्त हुआ जिस पर लंबे समय से करवाई नही होने पर नाराजगी जाहिर की।

**सियासत... अरण्य बचाओ आंदोलन पर सियासत हावी होती जा रही**

## बाबा की मर्जी के बिना नहीं कटेगी डाल, टीएस सिंहदेव के भड़कने पर नरम पड़े भूपेश बघेल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य बचाओ आंदोलन पर सियासत हावी होती जा रही है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सरकार पर हमलावर है तो वहीं सीएम भूपेश बघेल का भी बड़ा बयान सामने आया है।



बघेल ने कहा कि टीएस सिंहदेव सरकार के वरिष्ठ मंत्री हैं और उस क्षेत्र के विधायक हैं। अगर वो नहीं चाहेंगे तो पेड़ क्या एक डंगला (डाल) भी नहीं कटेगी। आंदोलनकारियों के साथ खड़े होने और गोली चलने पर पहली गोली खाने की बात पर भूपेश बघेल ने कहा कि बाबा साहब (टीएस सिंहदेव) का बयान आया है कि पहली गोली मुझे लगेगी। गोली चलने की नौबत ही नहीं आएगी, जो गोली चलाएगा पहले उन पर ही गोली चल जाएगी। भाजपा पर निशाना साधते हुए सीएम भूपेश ने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल को अगर मालूम है कि इतना विरोध हो रहा है तो भारत सरकार से वह मांग करें। कोल आबंटन निरस्त करवा दें।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

### जंगल में आंदोलनकारियों से मिले थे टीएस सिंहदेव

*बता दें कि सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव परसा कोल ब्लॉक के घाटबर्रा-हरिहरपुर जंगल पहुंचकर आंदोलनकारियों से मिले थे। उन्होंने ग्रामीणों से कहा था कि पहले सभी बढ़िया से राय सलाह करो। एक स्पष्ट राय बनाकर अपना पक्ष रखें। मैं आपके साथ हूं। उन्होंने कहा मेरी राय से नहीं, किसी और के राय से नहीं बल्कि आप निर्णय लें। जब तक आप एकजुट नहीं होंगे। मेरा कुछ भी बोलना सही नहीं रहेगा, इसलिए जब और जहां आप एकजुट रहेंगे। मैं आपके आगे-आगे चलूंगा। अगर आप एकजुट हैं और आपको यदि दबाया जा रहा है, आपको परेशान किया जायेगा तो आप निश्चिंत रहिये मैं लड़ाई लड़ने के लिए आपके साथ खड़ा हूं।*

## मिनी माईजिंग रेगुलेटरी कम्पलांस बर्डन क्रियान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग मंत्रालय से प्राप्त प्रस्ताव के तहत मिनीमाईजिंग रेगुलेटरी कम्पलांस बर्डन योजनांतर्गत नागरिकों एवं व्यापार सेवाओं के संबंध में प्रचलित अधिनियम एवं नियमों के अनुपालन प्रावधानों का भार कम करने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश हेतु कार्ययोजना बनाने हेतु गठित टास्क फोर्स समिति की बैठक आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के नियम अधिनियमों के सरलीकरण तथा आवश्यक संशोधन एवं विलोपन के प्रावधान सहित अन्य आवश्यक बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनोज पिंगुवा, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, राजस्व विभाग के सचिव श्री एन.एन.एक्का, श्रम विभाग के सचिव श्री अमृत कुमार खलखो सहित आवास पर्यावरण, वित्त, गृह, ऊर्जा, कृषि एवं नगरीय प्रशासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

# खेती-किसानी और समस्याएंः अनाज उगाने और सड़ाने के बीच का सच...!

सबको पता है कि हर गर्मियों में मौसम बिगड़ना और बारिश हो जाना अब बेहद आम हो गया है। बीते कुछ दशकों से तमाम पर्यावरणीय विक्षोभ यही बताते हैं। लेकिन हमारी सड़ांध मारती अनाज भण्डारण व्यवस्था कहें या लीपापोती का जुगाड़ हर बार हजारों मीट्रिक टन अनाज खुले आसमान के नीचे भिगाकर ऐसा खराब करती है कि पशुओं का निवाला तक नहीं बन पाता। जिम्मेदार बड़ी ही आसानी से सारा दोष बेमौसम बारिश के मत्थे मढ़ बच बचाए जाते हैं जो खुद की बुलाई आपदा के असल दोषी होते हैं।

इधर, यदि कुछ मिट्टी में मिलती है तो किसान की मेहनत जिसने बड़ी लगन से फसल को उगाया और मण्डियों तक पहुंचाया था और शुरू हो जाता है कागजों में साफ-सफाई का दौर। आखिर में सारा कुछ बेमौसम बारिश के मत्थे मढ़ लीपापोती कर बस्ता बन्द कर दिया जाता है।

दरअसल, अमूमन पता ही होता है कि हर साल बिगड़ैल मौसम के चलते कब बारिश हो जाए, कब आंधी-तूफान आ जाए, कब हवा का रुख बदल जाए और कब नम-गरम हवाएं एकाएक बारिश में तब्दील हो जाएं। माना कि मौसम बेईमान है लेकिन उससे जानबूझकर अनजान हमारे सिस्टम का कितना ईमान है?

विडंबना देखिए देश में अनाज को सुरक्षित रखा जाना कभी किसी की प्राथमिकता में रहा हो, ऐसा भी नहीं दिखा! अभी बीते पखवाड़े से अब तक देशभर में खुले आसमान के नीचे रखा न जाने कितने लाख टन गेहूं असमय हुई बारिश से भीगा, कितना बहा इसका सटीक अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।

हां तबाही की तस्वीरें और वीडियो, समाचारों की कतरनें, क्लिपिंग्स जहां-तहां के जरूर देखने को मिल जाते हैं। अब मॉनसून भी धीरे-धीरे बढ़ रहा है लेकिन खुले से अनाज कहां हट रहा है? लेकिन हम हैं कि सिवाय बेचारे सरकारी सिस्टम को क्लीन चिट देता देख संतोष करने के और कुछ कर भी नहीं पाते..!

सबको पता है कि न तो तूफान, न बेमौसम बारिश रुकी है, न रुकेगी, न कोई रोक पाएगा। हां, रोकी जा सकती है तो खुले आसमान के नीचे पॉलिथिन की पन्नियों में ढककर भण्डारण की बदहाल और भ्रष्ट व्यवस्था। लेकिन क्या यह रुकेगी?

यदि ऐसा हुआ तो नफा-नुकसान और दस्तावेजों के



देश में अनाज को सुरक्षित रखा जाना कभी किसी की प्राथमिकता में रहा हो, ऐसा भी नहीं दिखा! अभी बीते पखवाड़े से अब तक देशभर में खुले आसमान के नीचे रखा न जाने कितने लाख टन गेहूं असमय हुई बारिश से भीगा, कितना बहा इसका सटीक अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।

प्रमाणन और सत्यापन का नया झमेला शुरू हो जाएगा जिसके चलते आंकड़ों की बाजीगिरी का खेल बेनकाब हो जाएगा। अभी तो एकाएक बारिश आई, कितना अनाज भीग गया, सड़ गया, बह गया का वो अकाट्य तर्क है जिसका कोई इलाज न था न है न होगा।

भारत में अवैज्ञानिक तरीकों से भण्डारण का प्रचलन खुद सरकारें कराती हैं। खुले आसमान के नीचे कभी बोरों में या कभी यूं ही ढ़ेरों में पड़ा अनाज प्रायः सभी ने देखा है। भारत में अवैज्ञानिक तरीकों से भण्डारण का प्रचलन खुद सरकारें कराती हैं। खुले आसमान के नीचे कभी बोरों में या कभी यूं ही ढ़ेरों में पड़ा अनाज प्रायः सभी ने देखा है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था और कृषि

भारत कृषि प्रधान देश है जो हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। 47 प्रतिशत भू-भाग में खेती होती है और 70 प्रतिशत आबादी इसी पर निर्भर है। हर किसान अच्छी फसल की उम्मीद करता है मेहनत कर सफल भी होता है। लेकिन उसकी मेहनत को सहेजने के लिए फरमानों के दौड़ते कागजी घोडों के बदलते ठिकानों और मुकाम पर पहुंचने से पहले बेमौसम, एकाएक और विक्षोभ की बारिश का शिकार होती उपज का कसूर किसे दिया जाए? बेहद अफसोस होता है कि ऐसे कागजी घोड़े न रुकते न थकते हैं। हां, उन रुक्कों में मजमून बदल जाता है। पहले भण्डारित फसलों की सुरक्षा की नाकाम कोशिशें थी जो लाखों खर्च के बावजूद नीली, पीली पॉलिथीन की मोटी तिरपाल भी नहीं बचा पाई। कहीं तिरपाल उड़ गई, कहीं फट गई और किसान का खून-पसीने से उगाया अनाज किसी की भी भूख भी नहीं मिटा पाया न इंसानों की और न जानवरों की ही। अब सरकारी तंत्र की नई और बेचारगी से भरी कवायद शुरू होनी है जो नए और बेजा खर्च का बही-खाता लिखेगी। बेमौसम या अचानक हुई बारिश से हुए नुकसान का हिसाब-किताब का नया रुक्का नए सिरे से दौड़ने लग जाता है। लालफीताशाही में जकड़े कागजी घोड़े न कभी रुकते हैं न थकते हैं। बस नुकसान का लेखा, बचाने में खर्चों की इजाजत, नुकसान के अनुमान से भरे कागज अंततः बैलेन्स शीट में जगह पाने और अगले साल की जुगत में दोबारा एक टेबिल से दूसरी टेबिल में दौड़ना शुरू कर देते हैं।

विचारणनीय यह है कि भारत में अवैज्ञानिक तरीकों से भण्डारण का प्रचलन खुद सरकारें कराती हैं। खुले आसमान के नीचे कभी बोरों में या कभी यूं ही ढ़ेरों में पड़ा अनाज प्रायः सभी ने देखा है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में वार्षिक भण्डारण हानि लगभग 7000 करोड़ रुपए की होती है जिसमें 14 मिलियन टन खाद्यान्न बर्बाद होता है। अकेले हर वर्ष भारत के कुल गेहूं उत्पादन में से करीब 2 करोड़ टन गेहूं किसी न किसी तरह नष्ट हो जाता है।

ऋतुपर्ण दवे

## संपादकीय

### वरुण गांधी का नया अवतार

उत्तर प्रदेश की पीलीभीत सीट से भाजपा के सांसद वरुण गांधी इन दिनों नए अवतार में हैं। भाजपा के समर्पित सांसद का अवतार उन्होंने काफी पहले छोड़ दिया था और नीतिगत मसलों पर अपनी ही पार्टी की सरकार को कठघरे में खड़ा करने लगे थे। उन्होंने भारत में खेती और खेती से जुड़ी अर्थव्यवस्था को लेकर एक बहुत अच्छी किताब लिखी और किसानों के आंदोलन का समर्थन भी किया। इसके लिए व्यापक रूप से उनको समर्थन मिला। लेकिन अब वे इससे भी आगे निकल कर नए अवतार में आ गए हैं। यह अवतार कुछ कुछ फिल्म अभिनेता सोनू सूद के कोरोना काल वाले अवतार से मिलता जुलता है। ध्यान रहे कोरोना काल में सोनू सूद ने हजारों लोगों की मदद की थी। लोगों को अपने घर पहुंचाने से लेकर घरों में लोगों को ऑक्सीजन और जरूरी दवाएं भिजवाने और गांव लौट कर बेकार बैठे युवाओं को नौकरी दिलाने से लेकर लोगों का इलाज कराने तक उन्होंने मसीहा की भूमिका निभाई। वरुण गांधी भी ऐसी ही भूमिका निभा रहे हैं। फर्क यह है कि उन्होंने एक खास वर्ग को मदद के लिए चुना है। यह वर्ग युवाओं का है। उन्होंने सोशल मीडिया में इस बात की मुहिम छेड़ी है कि राज्यों में नौकरी के लिए होने वाली परीक्षाएं समय पर हों और उनके नतीजे समय पर निकलें। वे यह मुद्दा भी उठा रहे हैं कि युवाओं को परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने की सुविधा दी जाए। ऐसे प्रतिभागी जिनके पास साधन नहीं है या परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है, टिकट खरीदने के पैसे नहीं हैं, उन सबके लिए वरुण इंतजाम कर रहे हैं। नौजवान खुल कर वरुण से अपनी जरूरत बता रहे हैं वे उसे पूरा करके उसकी सूचना दे रहे हैं।

# मौसम की भट्टी में भुनते शहर, वैश्विक जलवायु में बदलाव से मानसून की टूटती आस

गर्मी के मौसम में शहर गर्म तो होते हैं, परंतु पिछले कुछ वर्षों में आकलन किया गया है कि वे ज्यादा गर्म होकर भट्टी के समान तपते जा रहे हैं। पिछले 10-12 वर्षों में विश्व के प्रदूषित शहरों में हमारे देश के शहरों को संख्या सर्वाधिक रही, परंतु अब विश्व के गर्म शहरों में भी हमारे देश के शहरों की संख्या बढ़ती जा रही है। वर्ष 2019 के जून के प्रथम सप्ताह में विश्व के 15 सर्वाधिक गर्म शहरों में 10 हमारे देश के थे। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस वर्ष शीतकाल के बाद मार्च में ही गर्म हवाएं चलनी शुरू हो गई थीं एवं वसंत का एहसास ही नहीं हो पाया था।

मई के मध्य में (15 मई के आसपास) विश्व के 15 सबसे गर्म शहरों में 12 हमारे देश के थे एवं उत्तर प्रदेश के बांदा में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। मौसम वैज्ञानिकों एवं पर्यावरणविदों के अनुसार, वर्ष 2021-22 में वातावरण की कुछ असामान्य घटनाओं के कारण भी तापमान बढ़ा, जैसे-लंबे समय तक शुष्क मौसम बने रहना, कई क्षेत्रों में वर्षा की कमी, शीतकाल की वर्षा (मावठा) में गड़बड़ी एवं मार्च, 22 में उच्च दबाव का क्षेत्र बनकर अप्रैल तक यथावत रहना आदि। शहरों के भट्ठी के समान तपने के वैश्विक जलवायु बदलाव, ग्लोबल वार्मिंग, 'अलनीनो प्रभाव' से ज्यादा स्थानीय कारण जिम्मेदार बताए गए हैं। इन कारणों में पक्के निर्माण कार्य (मकान, सड़क, फुटपाथ, बाजार, डिवाइडर आदि), हरियाली में कमी-विशेषकर पेड़ों की संख्या, नम-भूमि (वेटलेंड्स) एवं जलस्त्रोतों



*गर्मी से निपटने हेतु लगाए जाने वाले वातानुकूलक (एअर-कंडीशनर) का बढ़ता चलन घर को ठंडा रखने के बदले में बाहर गर्म हवा छोड़ते हैं, जिससे तापमान में वृद्धि होती है। ज्यादा संख्या में एसी के उपयोग से फीनिक्स शहर के रात के तापमान में लगभग एक डिग्री वृद्धि का आकलन किया गया है।*

की कमी या समाप्ति, वाहनों की बढ़ती संख्या, वातानुकूलन (एअरकंडीशनर) का बढ़ता प्रचलन, वायु-प्रदूषण एवं आग लगने की बढ़ती घटनाएं आदि प्रमुख हैं। विभिन्न निर्माण कार्यों से पेड़ों की संख्या घटती जा रही है।

इसी वर्ष मार्च में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने लोकसभा में बताया था कि देश में वर्ष 2021-22 में विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण हेतु 31 लाख पेड़ काट गए हैं। देश के सबसे साफ शहर इंदौर में नौ लाख पेड़ों का 'नौलखा-क्षेत्र' भी अब नाम का ही रह गया है। 'सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट' (वाशिंगटन डीसी) ने पांच वर्ष पूर्व अपने एक अध्ययन के आधार पर बताया था कि ज्यादातर शहरों में निर्माण कार्य 20 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं एवं हरियाली औसतन दो प्रतिशत पर सिमट गई है।

पक्के निर्माण कार्यों से भूजल की मात्रा में भी कमी आई है। आजादी के समय देश में 24 लाख तालाब-जोहड़ थे, जिनकी संख्या सन 2000 तक घटकर पांच लाख के करीब रह गई थी। भूजल के अधिक गहराई पर जाने एवं सतही जलस्रोतों की कमी से मिट्टी में नमी कम होने लगती है एवं धरती की सतह का तापमान बढ़ने लगता है। पेट्रोल-डीजल से चलने वाले वाहनों की बढ़ती संख्या एवं उनके गर्म इंजन से पैदा गर्मी भी शहरों के तापमान को बढ़ाने में भारी योगदान देती है। गर्मी से निपटने हेतु लगाए जाने वाले वातानुकूलक (एअर-कंडीशनर) का बढ़ता चलन घर को ठंडा रखने के बदले में बाहर गर्म हवा छोड़ते हैं, जिससे तापमान में वृद्धि होती है। ज्यादा संख्या में एसी के उपयोग से फीनिक्स शहर के रात के तापमान में लगभग एक डिग्री वृद्धि का आकलन किया गया है। ब्रिटिश मौसम विभाग ने हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि जलवायु बदलाव के प्रभाव से उत्तर एवं पश्चिमी भारत में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ेगी एवं ज्यादातर शहरों के तापमान गर्मी के मौसम में 40 से 50 डिग्री के आसपास बने रहेंगे।

ओपी जोशी

## मिला जुला

# थाना चिंतागुफा में मिलिशिया सदस्य ने किया आत्मसमर्पण

छग शासन के पुनर्वास नीति का प्रचार-प्रसार व जिला पुलिस सुकमा द्वारा चलाये जा रहे

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

जिला सुकमा में सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर छग योज्ञान सिंह, उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ परिचालन सुकमा रेंज, के मार्ग दर्शन एवं सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक सुकमा, लव कुमार कमाण्डेन्ट 206 वाहिनी कोबराए किरन चव्हाण अति. पुलिस अधीक्षक नक्स ऑप्स के निर्देशन व विजय सिंह राजपूत पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा, असिस्टेंट कमांडेण्ट जय सिंह कोबरा 206 वाहिनी के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे नक्सल



उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन की ष्पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नम अभियान नई सुबह, नई शुरूवात से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण,अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन के मिलिशिया सदस्य वेट्टी जोगा साकिन थाना चिंतागुफा क्षेत्र जिला सुकमा के

**पूना नम अभियान नई सुबह नई शुरूआत से प्रभावित होकर किया आत्मसमर्पण**

*** आत्मसमर्पण करवाने हेतु प्रोत्साहित करने में थाना चिंतागफा का जिलाबल एवं कोबरा 206 वाहिनी**

**आसूचना शाखा का विशेष प्रयास रहा**

द्वारा मंगलवार को थाना चिंतागुफा में बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। उक्त नक्सली को आत्मसमर्पण करवाने में थाना चिंतागुफ ा का बल एवं कैम्प 206 वाहिनी कोबरा के आसूचना शाखा के कार्मिकों का विशेष सहयोग रहा।आत्मसमर्पित नक्सली को राज्य शासन के पुनर्वास नीति के तहत् सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय किया जायेगा।

# आंदोलनकारी किसानों ने सीएम के नाम कलेक्टोरेट के चपरासी दीपक को सौंपा ज्ञापन

एसडीएम पर मंदिर तोड़ने और धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

एसडीएम भगत जायसवाल पर शंकर मंदिर तोड़े जाने और मूर्ति चोरी कर सांप्रदायिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई एवं उनके संपत्ति की जांच सहित 12 सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टोरेट के भू.अभिलेख शाखा में पदस्थ भृत्य को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में यह भी कहा गया है अगर 11 जून तक उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो 12 जून को ग्राम कौंवाझर, मालीडीह, कुकराडीह व ग्राम खैरझिटी बंद का आयोजन किया जाएगा। हाईवे में स्थित गांव खैरझिटी, कौंवाझर, मालीडीह के कृषि भूमि, वन भूमिए गरीबों की काबिल काश्त भूमि और आदिवासी भूमि में गैर कानूनी ढंग से करणी कृपा स्टील एवं पावर प्लांट लगाने के विरोध में विगत 25 फरवरी 2022 से किसानों द्वारा छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले अखण्ड धरना सत्याग्रह चल रहा है। सत्याग्रह के 100 पूरा होने के समर्थन में सत्याग्रही किसानों द्वारा महासमुंद में किसान मार्च का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व राज्य आंदोलनकारी किसान मोर्चा के अध्यक्ष

**12 मांगों पर 11 जून तक कार्रवाई नहीं हुई तो 4 गांव में होगा बंद का आयोजन**

अनिल दुबे, प्रवक्ता जागेश्वर प्रसाद, प्रदेश किसान नेता वेगेन्द्र सोनवेर,लालाराम वर्मा, छन्नू साहू, श्रीधर चंद्राकर, डॉ.पंचराम सोनी, बृजबिहारी साहू,अशोक कश्यप,नंदकिशोर यादव आदि ने किया। सत्याग्रही महिला किसान, किसान एवं जवान लोहिया चौक में एकत्रित हुये। इस दौरान सभा को राज्य आंदोलनकारी किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे सहित जागेश्वर प्रसाद, वेगेन्द्र सोनवेर, लालाराम वर्मा, श्रीधर चंद्राकर, छन्नू साहू, गोवर्धन वर्मा, नंदकिशोर यादव, चौनुराम साहू, जीवनलाल साहू, नंदलाल सिन्हा, तारेंद्र यादव, नंदकुमार साहू, अखलराम साहू, परसराम ध्रुव,आदि ने संबोधित किया। किसानों की सभा को संबोधित करते हुए राज्य किसान मोर्चा के अनिल दुबे ने कहा कि महासमुंद जिले के कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी करणी कृपा स्टील एवं पावर प्लांट के निजी नौकर की तरह काम कर रहे हैं।जो अप्रजातांत्रिक है एवं अशोभनीय है। किसान मोर्चा इस कृत्य की घोर निंदा करती है। महासमुंद जिले के पटवारी से लेकर तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर सभी पैसों के लालच में आकर आदिवादी भूमि, काबिल काश्त भूमिएवन भूमि, चारागाह आदि भूमि को रजिस्ट्री करने में संलिप्त हैं। उक्त भ्रष्टाचार की जांच व कार्यवाही के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं आयुक्त रायपुर को शिकायत किया गया है। साथ ही एसडीएम महासमुंद की संपत्ति की जांच की भी मांग की गई है।

# जिले के स्व सहायता समूहों की महिलाओं को आजीविका से जोड़कर बनाया जा रहा स्वावलंबी

पत्थलगांव और बगीचा की स्व सहायता समूह की महिलाओं को 40-40 यूनिट कुक्कुट इकाई दिया गया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरगनर।

जिले के सभी गोठानों को स्वावलंबी बनाने के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा है। साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न आजीविका से जोड़ा गया है। समूह की महिलाएं गोठान में विभिन्न गतिविधियों में शामिल होकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन गई है। इसी कड़ी में इसी कड़ी



में पशुपालन विभाग द्वारा विकासखण्ड पत्थलगांव के 8 गोठानों में 40 यूनिट कुक्कुट ईकाई, कांसाबेल के 5 गोठानों में 25 बटेर ईकाई, जशपुर के 4 गोठानों में 40 बतख ईकाई, बगीचा के 8 गोठान में 40 यूनिट कुक्कुट ईकाई, फरसाबहार एवं दुलदुला के एक.एक गोठान में बकरी ईकाई का स्व सहायता समूह की महिलाओं को वितरण किया गया है।



# पतेरापाली में सरकारी स्कूल नहीं खुला तो 1 जुलाई से धरना

कलेक्टर के जन चौपाल में ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

सरायपाली क्षेत्र के ग्राम पतेरापाली से आए ग्रामीणों ने यहां कलेक्टर के जनचौपाल कार्यक्रम में ज्ञापन देकर कहा है कि अगर उनके गांव में अनुदान प्राप्त निजी स्कूल को बंद नहीं किया गया और गांव में ही प्राथमिक शाला नहीं खोला गया तो वे आगामी 1 जुलाई से जिला शिक्षा कार्यालय के समक्ष परिवार सहित धरना आंदोलन के लिए बाध्य रहेंगे। ग्रामीणों के अनुसार उनके द्वारा विगत 1 साल से जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को अनेको बार लिखित मांग पत्र प्रस्तुत कर सरकारी स्कूल खुलने का अनुरोध किया गया।



जिसकी आज तक अनदेखी की जा रही है। अस्थाई व्यवस्था के नाम पर ग्राम पतेरापाली के मीडिल स्कूल में ही शासकीय प्राथमिक शाला समदरहा के नाम से बच्चों की पढ़ाई चल रही है। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर उनकी मांग पर अब भी ध्यान नहीं दिया जाता और गांव में प्राथमिक शाला नहीं खोला गया तो वे 1 जुलाई से समदरहा शासकीय स्कूल से स्थानांतरण प्रमाध पत्र लेकर पूरे परिवार के साथ जिला शिक्षा कार्यालय के समक्ष धरना देंगे।

# शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 13 को

इच्छुक छात्राओं से 11 तक मंगाए गए आवेदन

**धमतरी** । शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली में कक्षा छठवीं में रिक्त 15 और कक्षा ग्यारहवीं में छह सीटों में प्रवेश के लिए आगामी 13 जून को सुबह 11 से दोपहर 12.30 बजे तक कन्या शिक्षा पसिर दुगली में चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा में शामिल होने की इच्छुक छात्राएं सादे कागज में आवेदन पत्र 11 जून की शाम पांच बजे तक अधीक्षक, आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर दुगली के कार्यालय में जमा कर सकतीं हैं। आवेदन के साथ नाम, पिता का नाम, जाति, जन्म तिथि, निवास स्थान, पांचवीं अथवा दसवीं उत्तीर्ण संस्था का नाम, प्राप्त ग्रेड, पांचवीं/दसवीं की अंकसूची संलग्न करनी होगी।

बताया गया है कि शासकीय कन्या परिसर दुगली पूरी तरह आवासीय है और कक्षा पहली से बारहवीं तक की कक्षाएं वर्तमान में संचालित हैं। परिसर में अध्ययनरत छात्राओं को 750 रूपए शिष्यवृत्ति और पोषण आहार के लिए 60 रूपए प्रति छात्रा की दर से प्रतिमाह दिया जाता है। यहां प्रवेश के लिए छात्राओं की न्यूनतम योग्यता पांचवीं में बी-ग्रेड एवं कक्षा ग्यारहवीं के लिए 60 प्रतिशत या उससे अधिक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी पात्र होंगे। यहां 80 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति, 15 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 05 प्रतिशत सीट सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है।

शंकराचार्य भवन में विलक्षण दार्शनिक प्रवचन

# इंद्रियों के निग्रह होने पर ही होती है ब्रम्हानंद की प्राप्ति-भक्तिश्वरी देवी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



परमहंस को अपने आत्मा के सिवाय संसार का ज्ञान नहीं होता। वे अपने आत्मा के माध्यम से परब्रम्ह में लीन रहते हैं। लेकिन उन्हें भी भक्ति और प्रेम के माध्यम से भगवान के शरण में आना पड़ा। इसलिए परमहंस ब्रम्हानंद स्वरूप देवी.देवता भी ब्रज की भूमि में लता-पत्ता बनकर रहने की प्रार्थना भगवान से करते हैं। सर्व समाज समन्वय महासभा महासमुंद शाखा द्वारा शंकराचार्य भवन में चल रहे विलक्षण दार्शनिक प्रवचन में उक्त बातें भक्तिश्वरी देवी ने कहीं। उन्होंने हंस परमहंस, ब्रम्हानंद का विस्तार से वर्णन करते हुए अनेक कथा प्रसंगों के माध्यम से बताया किए सुकदेव जन्म के बाद बारह वर्ष की अवस्था प्राप्त कर ब्रम्हतत्व में लीन होने चले गए। उनके पीछे-पीछे भगवान वेदव्यास पुकारते हुए जा रहे थे। एक स्थान पर देवलोक की कन्याएं तालाब में निर्वस्त्र होकर स्नान कर रही थी। इसे देखकर भगवान वेदव्यास रूके और कहा कि.निर्वस्त्र स्नान करना पाप है। इस पर कन्याओं ने कहा कि पहले जो गया उसने हमें नहीं देखा और आगे बढ़ गए। क्योंकि उन्हें संसार का ध्यान नहीं था और वे अपनी आत्मा में खोए हुए थे। लेकिन संसारिक चीजों को देखने के कारण आप ने हमें स्नान करते हुए देखा। इसलिए पहले जो गया वह परमहंस और आप हंस की अवस्था में है। प्रवचन श्रृंखला में उन्होंने कहा कि परमहंस को संसार का ज्ञान नहीं होता और वे अपने आत्मा को ही केंद्र बिंदु मान लेता है। ऐसे परमहंसों को भी जब भक्ति और प्रेम के माध्यम से ब्रज भूमि पर गोपियों के प्रेमभाव में कृष्ण को बंधे देखा तो उन्हें भी भक्ति और प्रेम का रहस्य समझ में आया। ज्ञान मार्ग में भगवान को प्राप्त करने के लिए जो स्थिति परमहंस को प्राप्त नहीं हो सकती वह प्रेम और भक्ति के माध्यम से ब्रज की गोपियों को आसानी से मिल रहा था।

उन्होंने कृष्ण के जाने के बाद जब उद्धव वृंदावन पहुंचे, और ज्ञान की बातें बताने लगे और कहा कि यह पत्र श्यामसुंदर ने भेजा है। फिर क्या थाए गोपियों उस पत्र पर टुट पड़ी। जिसके कारण पत्र के टुकड़े-टुकड़े हो गए और गोपियां एक-एक टुकड़े को सीने से लगाकर श्यामसुंदर के स्पर्श का अनुभव करने लगी। जब राधारानी से उद्धव ने मुलाकात किया तो राधारानी विरह में रो रही थी, तो कभी मिलन से प्रसन्नता के भाव प्रकट हुए। यहां पर उद्धव को प्रेम की अनुभूति हुई और वे राधे-राधे जपने लगे। भगवान महादेव ने भी कैलाश छोड़कर प्रभु के बालस्वरूप का दर्शन करने यशोदा के द्वार आए। महारास में उन्होंने गोपी का रूप धारण किया। इसी तरह विदेहराज जनक ने जब रथ में सवार राम ओर लक्ष्मण को देखा तो उनके मन में भी प्रेम का भाव उत्पन्न हुआ। राजा जनक परमहंस को प्राप्त कर विदेह कहलाते थे। कहने का आशय यह है कि प्रभ के पास पहुंचना है तो ज्ञान मार्ग से ज्यादा सरल मार्ग भक्ति और प्रेम का है। उपस्थितजनों ने भगवान राधा-कृष्ण के साथ कृपालु महराज की आरती की। इस मौके पर तिलक साव, ईश्वर हरि, नपं तुमगांव के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, टिकेश्वर सिन्हा, प्रीति देवांगन आदि ने पुष्प गुच्छ भेंटकर भगवती देवी से आशीर्वाद लिया।

## एक नजर

### गाली गलौज, मारपीट कर जेसीबी, मोटरसायकल एवं मोबाइल तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



कोटा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बरद्वार निवासी प्रार्थी सुरेश कुमार साहू कोटा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 जून 22 को ग्राम पंचायत बरद्वार की तरफ से श्मशान घाट जाने का रास्ता एवं तालाब के रास्ते में मुरूम डलवाने काम करवा रहा था काम कराने के दौरान विद्युत तार लूज हो जाने से बांस गढा कर ठीक कर आए थे जो काम कराने के दौरान बांस का खंबा उखड़ गया था। उसमें दूसरा खम्भा लगवाया इसी बात पर आरोपी अजय दास मानिकपुरी तथा जीवन दास मानिकपुरी नाराज होकर 06जून 2022 के 10 बजे प्रार्थी को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किए किसी तरह छुड़ाकर प्रार्थी अपने दामाद के घर छूप गए करीब रात्रि 1:10 बजे अजय दास मानिकपुरी तथा जीवन दास मानिकपुरी दोनों गाली गलौज करते हुए पंचायत के काम में लगे जेसीबीए मोटरसाइकिल तथा लेबर के मोबाइल को डंडा से पीटकर-पीटकर तोड़फोड़ किए जिसमें करीबन 15000 का नुकसान हुआ हैं मारपीट से प्रार्थी के हाथ,कोहनी में चोट लगा है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना दौरान आरोपी अजय दास मानिकपुरी पिता मदन दास मानिकपुरी व जीवन दास मानिकपुरी पिता राजकुमार मानिकपुरी निवासी बरद्वार को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई किया जा रहा है तथा अलग से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी दिनेश चंद्रा, सउनि मेलाराम कठोतिया प्र.आरआरक्षक कमलेश्वर सिंह, महेश सिंह का सराहनीय योगदान रहा है।

### कोटा पुलिस ने नकली पिस्टल दिखाकर लूट करने वाले आरोपियों को 6 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर द्वारा लूट एवं गाली गलौज मारपीट कर तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किए जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में कोटा पुलिस राह चलते लोगों को नकली पिस्टल दिखाकर लूटपाट करने वाले तथा गाली गलौज कर मारपीट करने वाले आरोपियों को 6 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया प्रार्थी प्रकाशमणी मानिकपुरी निवासी तिलैहापारा धनरास कोटा थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 05 जून 2022 के रात्रि 7 बजे अपने दोस्त छत्रपाल मार्को के साथ अपने मोटरसाइकिल से तिलैहापारा मरघट के पास पहुंचे थे उसी समय मोटरसाइकिल ड्रीम होंडा क्रमांक सीजी 10 एस 2294 से दो व्यक्ति पेट्रोल मांगने के लिए गाड़ी रोकवाये गाड़ी रोकने पर नकली पिस्टल निकाल कर, कनपटी में अड़ाकर, धमका कर, जो सामान रखे हो निकालो बोले, नहीं निकालने पर दोनों से 02 नग मोबाइल जुमला कीमती 27000 को लूट कर भाग गए। प्रार्थी के रिपोर्ट पर कोटा पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसमे आरोपी, दीप कुमार साहू उर्फ टेटका साहू पिता संतोष साहू उम्र 24 साल निवासी करगी कला कोटा तथा, विधि से संघर्षरत बालक से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर नकली पिस्टल एवं 2 नग मोबाइल कीमती 27000 व मोटरसाइकिल को पुलिस ने कब्जे में लेकर। आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही की जा रही है।

## सीतापुर में संपन्न हुआ साहू समाज का मिलन समारोह

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।




सीतापुर में साहू समाज के अध्यक्ष सदानंद गुप्ता के द्वारा समाज का मिलन समारोह कार्यक्रम साहू समाज के सरगुजा के अध्यक्ष के के गुप्ता के निवास घर में आयोजित किया गया था। जिसकी अध्यक्षता संदीप साहू, छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन से राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त, के द्वारा की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से सीतापुर साहू समाज के लोगों को अध्यक्ष संदीप साहू से समाज के लोगों को मिलाने मौका मिला इस कार्यक्रम में सरगुजा संभाग के सभी जिले के साहू समाज के अध्यक्ष उपस्थित हुए, साथ ही साहू समाज के अन्य लोग भी कार्यक्रम में पहुंचे थे, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य साहू समाज के जो पदाधिकारी है उनका परिचय समाज के अन्य लोगों को देना था। जब इस विषय पर हमने संदीप साहू से बात की तो उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपस में मिलना और एक दूसरे के विचार को जानना है, तथा समाज के लोगों को सही दिशा निर्देश देना ताकि समाजए मैं जो कमियां है उसको खत्म किया जा सके।

# जनसमस्या निवारण शिविर का पुनः आयोजन होगा-कलेक्टर

अनाधिकृत अनुपस्थिति पर अवैतनिक कार्रवाई के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।




कृषि संबंधित व्यवस्थाओं की ली जानकारी

मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक कलेक्टर विनीत नन्दनवार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। नन्दनवार ने वर्षा पूर्व कृषि संबंधी व्यवस्था जैसे खादबीज भण्डारण व वितरण आदि कार्य संबंधित अधिकारियों को शीघ्र पूर्ण करने कहा और वर्षामापी केन्द्रों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आगामी शिक्षा सत्र के संबंध में तैयारियों की जानकारी प्राप्त की और शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्कूलों का सतत् निरीक्षण करने को कहा। इसके साथ ही आश्रम-छात्रावासों में बिजली व्यवस्था आदि की जानकारी ली। कलेक्टर विनीत नन्दनवार ने बैठक में बताया कि जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन पुन: किया जाएगा। मांगों व समस्या आदि से संबंधित आवेदनों का निराकरण शिविरों के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरबीसी 6-4 के प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई होना चाहिए। कलेक्टर ने कार्यालयीन समय में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए जाने पर अधिकारी-कर्मचारियों पर अवैतनिक कार्यवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय समय में अपनी उपस्थिति सुनिश्चत करें। कलेक्टर नन्दनवार ने बैठक में बाढ़ आपदा प्रबंधन के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बाढ़ आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभागों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मलेरिया जोन पर अधिक से अधिक ध्यान देने की जरूरत बताईए ताकि उन क्षेत्रों में न्यूनतम मलेरिया मरीज मिले। गांवों में आपदा प्रबंधन दल का गठन शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई घोषणाओं और निर्देशों के संबंध में समीक्षा की गई। कलेक्टर नन्दनवार ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं व निर्देशों पर कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने कहा। उन्होंने बिन्दुवार इसके संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में पीएचई, रामाराम मंदिर, हमर लैब, गोबर खरीद, ईकेवाईसी, वनाधिकार मान्यता प्रमाण पत्र, मिलेट मिशन, हाट बाजार क्लिनिक, नए आंगनबाड़ी भवन, देवगुड़ी निर्माण, श्रमिक पंजीयन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना आदि विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बेमेतरा जिले के कलेक्टर एवं एसपी ने ली जिले की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



मुख्यमंत्री छग शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार टीएल बैठक के पूर्व प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की जा रही है इसी क्रम में 7 जून 2022 मंगलवार को संयुक्त कार्यालय बेमेतरा के सभाकक्ष में जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोसकर संदीपान एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक लिया गया। जिसमें बेमेतरा जिले की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ लीना मंडावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, प्रशिक्षु आईपीएस पूजा कुमार, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी राजेश कुमार झा, बेमेतरा एसडीएम दुर्गेश वर्मा, नवागढ़ एसडीएम प्रवीण तिवारी, बेरला एसडीएम संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं थाना चौकी प्रभारियों सहित प्रशासनिक एवं पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कला जत्था टीम ने पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चिकनीपानी, सराईटोला और काडरो में छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की दी जानकारी

जिले में कला जत्था के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन की योजाओं का किया जा रहा प्रचार-प्रसार

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जनसम्पर्क विभाग के दिशा निर्देश में छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं को जिले के दूरस्थ अंचल के अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के चिनहांकित गांवों एवं हाट बाजारों में कला जत्था, स्थानीय बोली के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है साथ योजनाओं पर आधारित न्याय का छत्तीसगढ़ मॉडल जिला जशपुर पुस्तिका, जनमन सहित अन्य प्रचार सामग्री का नि:शुल्क वितरण भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आरूग रायपुर कला जत्था दल द्वारा पत्थलगांव विकासखण्ड के चिकनीपानी, सराईटोला और काडरो के साप्ताहिक बाजारों में छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रचार सामग्री नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है। इसी प्रकार विगत दिवस अभिनट नाट्य फाउंडेशन रायपुर के कला जत्था नाचा दल के द्वारा फरसाबहार विकासखण्ड के तुमला, खुटगांव, गंझियाडीह में भी छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ ही विभिन्न योजनाओं पर आधारित न्याय का छत्तीसगढ़ मॉडल जिला जशपुर पुस्तिकाए जनमन सहित अन्य प्रचार सामग्री का नि:शुल्क वितरण किया गया है।

# हाथी विचरण क्षेत्रों में तीन हाथी गश्ती दल सक्रिय

* प्रभावित क्षेत्रों में पेट्रोलिंग पार्टी कर रही गश्ती

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरगनर।





* वन विभाग ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में मछली मारने या अन्य कार्य से न जाए

* पक्के कठल को सुरक्षित स्थान पर ढक कर रखने के लिए कहा है

वनमंडलाधिकारी वनमण्डल कार्यालय जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 40 हाथियों का दल विचरण है। जिसमें से कुछ हाथी अपने दल से अलग हो गये हैं जो काफी आक्रामक हैं, जिससे जनहानि, जन घायल, पशु हानि की घटनाएं होने की संभावनाएं अधिक होती है। इस हेतु 03 हाथी गश्ती दल सक्रिय है जो हाथी विचरण क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं। वर्तमान में 03 हाथी गश्ती दल ओर लगाई गई है। जो प्रात: 07.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक एवं सायं 06.00 बजे से प्रात: 06.00 बजे तक लगातार कार्य करेगें। वन विभाग द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि हाथी गश्ती दल द्वारा दिये गये समझाइश व सूचना को माने। जिस स्थान पर हाथी विचरणरत है उस वन क्षेत्र में मछली मारने एवं अन्य कार्य हेतु वर्तमान में न जायें। जिस स्थान या घर में पक्के कटहल हो उन्हें तोड़कर तत्काल सुरक्षित स्थान पर रखें या गडढ़े में डालकर ढक देवें या वन विभाग को तत्काल सूचित करें।

ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन छत्तीसगढ़ के निर्देशनुसार

# सभी जिलों में राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री,राज्यपाल मुख्यमंत्री, के नाम सुकमा एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन छत्तीसगढ़ के निर्देशनुसार सभी जिलों में राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री,राज्यपाल मुख्यमंत्री,के नाम सुकमा में एसडीएम प्रीति दुर्गम को ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया गया।

देश मे पर्यावरण, आदिवासियों.वनवासियों,दलित वर्ग,महिला,अल्पसंख्यक उत्पीड़न, विस्थापन एवं ऐसे प्रकरणों में न्याय न मिल पाना लोकतंत्र और व्यवस्था पर एक सवाल है। छात्र नौजवान बेरोजगारी बाजारीकरण से जूझ रहे हैं। महंगाई बेरोजगारी चरम पर है जिससे आम जनता त्रस्त है। राज्यपालों को आदिवासियों के हितरक्षा सुरक्षा के लिए विशेष अधिकार होते हुए भी उनका विस्थापन,फर्जी एनकाउंटर, फर्जी अपराध कुछ भी नहीं रुका है। अत: इस ज्ञापन के माध्यम से निम्नांकित मांगे लोकतंत्र पर हमारे विश्वास के दृष्टिगत पूर्ण एवं निवारित किए जाएं। हसदेव अरण्य एवं संबंधित चार गांवों घाटबर्रा, फतेहपुर, हरिहरपुर एवं साल्ही में खनन व विस्थापन रोका जाए। बस्तर सिलेगर में पीड़ितों को न्याय एवं दोषियों को सजा हेतु कारवाई सुनिश्चित हो। मीना खलखो प्रकरण में पुन: जांच के साथ दोषियों को सजा व मीना खलखो को न्याय मिले। दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं पर बढ़ते अपराधों पर रोक लगाई जाए।

छग प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और लूट बंद हो। महंगाई बेरोजगारी पर रोक लगाते हुए भगत सिंह राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कानून बनेगा,पारित किया जाए। देश में कारपोरेट प्रभावित नहीं बल्कि जनता प्रभावी राज कायम किया जाए। इस दौरान शैलेंद्र कश्यप जिला अध्यक्ष एव्हीवीपी राजेश नाग प्रदेश उपाध्यक्ष एव्हीवीपी हड़मा मरकाम राज्य कार्यकारिणी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष सुपेबेडा के किडनी पीड़ितों ने की आर्थिक सहयोग की पेशकश

## सुपेबेडा दौरे पर पहुंचे मंत्री टी.एस सिंहदेव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया शिलान्यास

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



छग के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव गरियाबंद दौरे पर थे। देवभोग ब्लाक के बहुचर्चित किडनी पीड़ित के सुपेबेडा पहुंचकर वहां के लोगों का हालचाल जाना और वहां स्वीकृत कार्यों का जायजा भी लिया वही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का भूमिपूजन किया और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित वैकल्पिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दवाईयों का निरीक्षण किया और मरीजों से मिलकर हालचाल जाना। स्वास्थ्य मंत्री ने गांव में सभा भी ली जिसमे हजारों ग्रामीण जुटे थे। मालूम हो कि छग का ये वही गांव है जहां का किडनी रोग के कारण सौ लोगों को खो चुका है। हालांकि सरकारो ने यहां के लिये बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराया है मगर यहा किडनी रोग नियंत्रण के लिये और बेहत्तर सुविधाएं देने की जरूरत है।

इलाज के साथ महिने का पन्द्रह हजार आर्थिक सहयोग की मांग स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष गांव के प्रेम प्रकाश क्षेत्रपाल ने अपने परिवार और गांव के अन्य परिवार के दर्द को बयां किया और आन्ध्रप्रदेश के एक ऐसे ही पीड़ित गांव में मिल रहे सरकारी आर्थिक मदद का हवाला देते हुये पीड़ित परिवारों को महिने के 15 हजार आर्थिक मदद की पेशकश की जिस पर छग के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा इसमे वित्त विभाग की मंजूरी जरूरी होता है और इसके लिये सीएम से चर्चा करने की बात कही है।

### 62 लाख के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन कि भूमि पूजन किया

सुपेबेडा में स्वास्थ्य विभाग ने पहले उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन की स्वीकृति दी फिर शासन ने जरूरत को देखते हुये यहां 61 लाख 96हजार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन की स्वीकृति प्रदान की अब किडनी प्रभावित गांव सुपेबेडा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनेगा जिसका भूमिपूजन स्वास्थ्य मंत्री ने किया। फिलहाल भवन बनते तक वैकल्पिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है।

### भाजयुमो अध्यक्ष ने मंत्री से गांव की समस्या पर सवाल खड़े किये

जब स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव गांव में सभा ले रहे थे तभी भाजयुमो के जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने स्वच्छ जल प्रदाय और गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं पर सवाल खड़े किये तभी पुलिस उन्हें थाना ले आयी। भाजयुमो अध्यक्ष के गिरफ्तारी पर भाजपा के कई कार्यकर्ता थाना पहुंचकर छोड़ने की मांग करने लगे तभी पुलिस को उन्हे छोड़ना पड़ा। हालांकि भुपेश सरकार के मंत्री ने इस पर कहा अपनी बात रखना सबका अधिकार मगर उस पर राजनिती करना गलत है।

### विकास एक लम्बी प्रक्रिया सभी गांव का विकास सरकार की जिम्मेदारी

मंत्री टी एस सिंहदेव ने अपने उदबोधन मे कहा त्वरित विकास एक लम्बी प्रक्रिया है कांग्रेस की सरकार का छग के प्रत्येक गांव के विकास के लक्ष्य लेकर चल रही है। सुपेबेडा ही नहीं देवभोग के प्रत्येक गांव में जलमिशन हर घर नल से जल देने का काम सरकार कर रही है उक्त बातें मंत्री ने तब कही जब गांव वालो ने तेल नदी से जल प्रदाय करने की मांग की। हालांकि किडनी प्रभावित सुपेबेडा के लिये स्वच्छ जल प्रदाय के लिये स्वीकृति भी दे दी है। सुपेबेडा में मंत्री के कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद अवस्थी, जिपं उपाध्यक्ष संजय नेताम,सुखचंद बेसरा,ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भुपेन्द्र मांझी, धनसिंग मरकाम,अरूण मिश्रा, अरूण सोनवानी, राजेश तिवारी,सूरज शर्मा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### जनचौपाल के दौरान आम नागरिकों की समस्याएं सुनी



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर के दृष्टि.सभाकक्ष में आयोजित आम जनता से साप्ताहिक भेंट मुलाकात कार्यक्रम जनचौपाल के दौरान कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी एवं अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी ने आज जिले के विभिन्न गांवों से आये आम नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

साप्ताहिक जनचौपाल के दौरान बेमेतरा जिले के विभिन्न गांवों से आये आम नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 59 आवेदन प्रस्तुत किये। प्राप्त आवेदनों में सहायता राशि प्रदान करने, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि न्याय योजनांतर्गत पंजीयन कराने, शासकीय भूमि में अतिक्रमण हटवाने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा की राशि भुगतान कराये जाने, भूमि सीमांकन करवाने, राशन कार्ड बनाने, समूह की ऋण माफी, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अपर कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार इसका निराकरण करने के निर्देश दिए। यदि तकनिकी कारणों से निराकरण नहीं हो पा रहा हो तो इसकी सूचना संबंधित आवेदक को भी दी जाये।

### ग्राम चपोरा में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के बैनर तले किसान चौपाल का आयोजन किया गया

जोहार छत्तीससगढ़-रतनपुर।



भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर के द्वारा कोटा विधानसभा क्षेत्र मंडल रतनपुर ग्राम पंचायत चपोरा सेवा सहकारी समिति के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के बैनर तले किसान चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय अरुण साव सांसद बिलासपुर लवकुश कश्यप प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मोहित जयसवाल जिला महामंत्री दुर्गा बबलू कश्य जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा सुरेश सोनी जिला कार्यसमिति सदस्य तिरिथ यादव मंडल अध्यक्ष कन्हैया यादव उपाध्यक्ष नपा मनोहर राज अध्यक्ष ज.प. रविंद्र दुबे सांसद प्रतिनिधि सुमंत जयसवाल उपाध्यक्ष जप उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अरुण साव के द्वारा क्षेत्र के किसानों को भगवा गमछा व श्रीफल माला से सम्मानित किया। एवं सांसद ने उपस्थित लोगों से केंद्र सरकार के विभिन्न प्रकार के जन कल्याण योजनाओं के बारे में जानकारी लिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रभुनाथ साव संतोष तिवारी अजय महावर पवन पाठक ज्ञानेंद्र कश्यप राजू दास पंचराम मनहरण व सैकड़ों कार्यकर्ता व किसान गन उपस्थित रहे।

# केला तना से रेशा निर्माण यूनिट और दाल मिल प्रसंस्करण ईकाई का प्रभारी सचिव ने किया मुआयना

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जिले के प्रभारी सचिव सुश्री रीता शांडिल्य ने एक दिवसीय बेमेतरा जिले के प्रवास के दौरान विकासखण्ड साजा के गौठान ग्राम राखी में संचालित केला तना रेशा निर्माण यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गौठानों को ग्रामीण आजीविका के ठौर ठिया के रुप में विकसित करने के लिए सुराजी गांव योजना के तहत हर संभव प्रयास किये जा रहे है। प्रदेश के हर गौठान को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। गौठान ग्राम राखी में जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ से केला तना से रेशा निर्माण यूनिट की स्थापना की गई है। जहां महिला स्व सहायता समूह की बहनें केला तना से रेशा निर्माण कर रही हैंए इसका उपयोग कर्टन पर्दा, टेबल मेट, पेन स्टैण्ड, सजावटी बैग आदि वस्तुएं बनाई जा रही है। उन्होंने महिला स्व सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासो की सराहना की। तत्पश्चात उन्होंने दाल प्रसंस्करण ईकाइ ग्राम महीदही भैंसामुड़ा का अवलोकन किया।



इस दौरान उन्होने दाल मिल की क्षमता की जानकारी ली। कृषि विज्ञान केन्द्र ढोलिया के कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि दाल उत्पादन के लिए आवश्यक सामग्री सहकारी समिति मर्यादित साजा के किसान उत्पादक संगठन के कृषकों के माध्यम से तिवड़ा, चना, मसूर, अरहर का संग्रहण कर दाल निष्कासन कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार दाल प्रसंस्करण के साथ चुनी एवं भूसी भी पशुपालक कृषकों को उचित दर पर प्रदाया किया जा रहा है। प्रभारी सचिव सुश्री शांडिल्य ने दाल मिल में दाल के उत्पादन के पश्चात् कहां-कहां और किस माध्यम से निर्यात किया जा रहा है इसकी जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान, जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सुने मकान के चोरी मामले में छाल पुलिस को मिली सफलता, 3 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



सुने मकान से चोरी करने वालों को छाल पुलिस ने बहुत जल्द पकड़ लिया। वहीं उन्हें न्यायायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मामला छाल के चौकसार की है। जहां सतीश कुमार राजपूत निवासी चौकसार छाल ने थाने में शिकायत दर्ज कराया था। कि वह कुसमुंडा जिला कोरबा एसईसीएल में नौकरी करता है। उनके पिताजी का स्वास्थ्य खराब होने से एक माह पूर्व ग्राम छाल के मकान को ताला लगाकर कुसमुंडा ईलाज कराने ले गए थे। तब 5 जून 2022 को गांव से फोन से जानकारी मिला कि आपके मकान के सामने का दरवाजा का ताला टूटा है एवं अंदर का सामान अस्त व्यस्थ है। तब सतीश कुमार गांव आकर देखा तो मकान के पीछे का दरवाजा ताला काट कर तोड़ा गया था एवं मकान अंदर के सभी दरवाजा का ताला खुला हुआ था। 4 एवं 5 जून 22 के दरमियानी रात्रि में कमरे के अंदर घुसकर एलजी कम्पनी का एलईडी टीव्ही कीमती, प्रिंटर मशीन एवं बाड़ी में लगे टूल्लु पम्प को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था। जिसपर छाल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध क्रमांक 132/22 धारा 457, 380, 34 के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई थी। मुखबिर की सूचना पर शिवमदास महंत पिता कृपालदास उम्र उम्र 29 वर्ष निवासी महन्तपारा छाल, तुकेश्वर दास महंत उर्फ सोनू पिता भोपालदास उम्र 26 वर्ष निवासी महन्तपारा छाल, महेश्वर उर्फ भुरू पटेल पिता दिलेश्वर पटेल 19 वर्ष थाना पारा से थाने में कड़ाई से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किए। जिसके बाद आरोपी शिवमदास के कब्जे से एलइडी एलजी टीवी, तुलेश्वरदास के कब्जे से पुराना टुल्लूपंप एवं आरोपी महेश्वर पटेल के कब्जे से एचपी लेजर प्रिंटर मशीन जप्त किया गया है। आरोपियों द्वारा धारा सदर अपराध घटित करने पाए जाने पर उन्हें पुलिस रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# छत्तीसगढ़ पत्रकार परिषद का हुआ गठन, अखिलेश श्रीवास्तव बने प्रदेश अध्यक्ष

## मैडी धीवर को प्रदेश सचिव की मिली जिम्मेदारी

जोहार छत्तीसढ़-बेमेतरा।

### भिलाई में छत्तीसगढ़ पत्रकार परिषद का बैठक आहूत किया गया था। जहां प्रदेश के विभिन्न जिलों से अनेको पत्रकारों ने बैठक में हिस्सा लिया।



बैठक के दौरान पत्रकारो की समस्याओ पर गंभीरतापूर्वक चर्चा हुआ। वही बैठक में मौजूद सभी पत्रकारों ने अपने-अपने विचार सांझा किये। साथ ही बैठक के अंत में सर्व सम्मति से छत्तीसगढ़ पत्रकार परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव को चुना गया। जहां अध्यक्ष ने कहा कि इस परिषद का उद्देश्य पत्रकार हितों की रक्षा करने और पत्रकारों को उनका हक दिलवाने के लिए है। इसके अलावा अन्य मुद्दे भी शामिल है। जिन पर परिषद कार्य करेगी। आगे पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। पश्चात उन्होंने छत्तीसगढ़ पत्रकार परिषद की कार्यकारिणी की जानकारी दिए। जिसमे प्रदेश उपाध्यक्ष बृज नाग, गौतम डे, गोविंदा चौहान, ओमप्रकाश ढीमर, अनिल सिंह। प्रदेश महासचिव सौरभ श्रीवास्तव, शेखर पांडेय, रविकांत मिश्रा, बीरेन्द्र चौधरी, मेघा तिवारी, रत्नाकर मिश्रा। प्रदेश सचिव मैडी धीवर, मनोज शुक्ला। प्रदेश संगठन मंत्री ईश्वर सिन्हा। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र मिश्रा, महेश राजभर, अजीत शाह, चंद्रकांत मिश्रा को पत्रकार परिषद के पदों पर नियुक्त किये गए है।

# थाना फुलबगड़ी क्षेत्र में सक्रिय मिलिशिया सदस्य ने किया आत्मसमर्पण

## नक्सलियों के अमानवीय एवं आधारहीन विचारधारा को त्यागकर छ.ग. शासन के पुनर्वास नीति

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



**व पूना नम अभियान नई सुबह, नई शुरूवात से प्रभावित होकर किया आत्मसमर्पण**

*** आत्मसमर्पण करने हेतु प्रोत्साहित कराने में विशेष आसूचना शाखा सुकमा का रहा विशेष प्रयास**

जिला सुकमा में सुन्दरराज पी.पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर छ.ग. योज्ञान सिंह,उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ परिचालन सुकमा रेंज के मार्गदर्शन एवं सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक सुकमा के निर्देशन व परमेश्वर तिलकवार पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जिला सुकमा के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नम अभियान नई सुबह, नई शुरूवात से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन के मिलिशिया सदस्य मड़कम मंगा साकिन थाना फुलबगड़ी क्षेत्र, जिला सुकमा के द्वारा आज दिनांक मंगलवार को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में किरण चव्हाण अति. पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया।मड़कम मंगा को समर्पण कराने हेतु प्रोत्साहित करने में विशेष आसूचना शाखा जिला सुकमा के अधि. कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

आत्मसमर्पित नक्सली मड़कम मंगा वर्ष 2008 में नक्सली संगठन में संघम सदस्य के पद पर भर्ती होकर वर्तमान में मिलिशिया सदस्य के पद पर कार्य कर रहा था। आत्मसमर्पित नक्सली थाना फुलबगड़ी क्षेत्र में घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियों में शामिल रहा है। आत्मसमर्पित नक्सली को राज्य शासन के पुनर्वास नीति के तहत् सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय किया जायेगा।

# साठिया धान और अरहर की मिश्रित खेती कर युवा किसान ने दिखाई नई राह

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



कृषि प्रधान जिला बेमेतरा के नगर पंचायत नवागढ़ के किसानों में मिश्रित फसलों की खेती का चलन बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में नवागढ़ तहसील में खरीफ की फसलों में नुकसान और कम उत्पादन से किसानों का रुझान नई किस्मों की फसलों की तरफ है। जिसके अंतर्गत नगर पंचायत नवागढ़ के युवा किसान किशोर कुमार राजपूत देशी धान और अरहर के पारंपरिक फसल की मिश्रित खेती कर रहे हैं। युवा किसान किशोर राजपूत ने बताया कि वे पहले सोयाबीन की खेती करते थे लेकिन सोयाबीन में लागत अधिक और उत्पादन कम होने से नुकसान हो रहा था। इसलिए पारंपरिक धान और अरहर के फसलों की जानकारी ली और इस साल खरीफ सीजन पर साठिया धान के साथ अरहर की मिश्रित खेती की। किशोर राजपूत ने अपने आधा एकड़ खेत में अरहर के साथ छिड़काव विधि से धान की बोवनी की। वर्तमान में धान और अरहर की कटाई हो गई हैं। किशोर राजपूत का कहना है कि आधा एकड़ खेत में अरहर की 3 क्यूंटल तक उपज निकली हैं। धान की फसल दो महीने और अरहर की फसल 180 दिन की होती है। अरहर के पौधे की ऊंचाई ज्यादा होती है वहीं धान 3 से 4 फीट ही बढ़ती है जिससे कि दोनों फसलें आपस में प्रतिस्पर्धा नहीं करती। इससे अरहर की उपज पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

### धान में लागत कम और मुनाफा ज्यादा

साठिया धान के कम अवधि कई के कारण राष्ट्रीय बाजार में साल भर इसकी मांग बनी रहती है। किसान किशोर राजपूत ने बताया कि साठिया धान की खेती के लिए बीज, निदाई व कटाई की लागत लगती है। इसके अलावा अन्य फसलों की तरह दवाईयां और खाद नहीं डाला जाता। साठिया धान की फसल में कीटों का प्रकोप भी नहीं होता जिससे कि कीटनाशकों का खर्चा बचता है। इस तरह कम लागत में ज्यादा मुनाफा होता है।

### कैसे होती है साठिया धान की खेती

साठिया धान की बोवनी जून.जुलाई महीने में छिड़काव विधि से की जाती है। आधा एकड़ 15 किलो बीज बोया जाता है। बोवनी के 1 महीने बाद खेत के कचरे की निदाई गुड़ाई करानी पड़ती है। 25 से 30 दिन में धान पूर्णता ऊंचाई तक बढ़ जाती है। उम्र पूरी होने से 60 दिन बाद धान के पत्ते पीले पड़ने लगते हैं। इसलिए इसके पौधों को पूरा पकते ही काट लिया जाता है। पौधों को 4 दिन तक सुखाकर इसे बाजार में बेचा जाता है। आधा एकड़ खेत में गौ आधारित प्राकृतिक खेती से साठिया धान 6 क्यूंटल हुआ है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, बुधवार 8 जून 2022

## भूल भुलैया-2 ने दिखाया दम, सुपर हिट की ओर बढ़ी फिल्म




अनीस बज्मी निर्देशित और कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 15 दिन का सफर तय कर लिया है। इन 15 दिनों में कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 ने हिट का तमगा हासिल कर लिया है और अब यह सुपर हिट की ओर बढ़ रही है। भूल भुलैया 2 ने 15वें दिन, यानी शुक्रवार को धीमी रफ्तार बॉक्स ऑफिस पर जारी रखी लेकिन कमाई करने का सिलसिला जारी है। इसने 15वें दिन बॉक्स ऑफिस पर करीब 2.75 करोड़ रुपये कमाए। इसकी कमाई के बीच अक्षय कुमार की सम्राट पृथ्वीराज रोड़ा बन गई।

## रे डोनोवन के रीमेक राणा नायडू का हिस्सा बनीं प्रिया बनर्जी



लोकप्रिय अभिनेत्री प्रिया बनर्जी को वेब सीरीज राणा नायडू में एक प्रमुख भूमिका मिली है, जो प्रसिद्ध हॉलीवुड शो रे डोनोवन की हिंदी रीमेक है। प्रिया हैलो मिनी, ट्विस्टेड 3, जमाई 2.0 और बेकाबू जैसी परियोजनाओं का हिस्सा रही हैं।

उसी के बारे में बात करते हुए, प्रिया ने कहा, हॉलीवुड संस्करण में केटी होम्स द्वारा निभाए गए चरित्र के लिए सुपरन वर्मा वास्तव में मुझसे संपर्क में थे। मैंने इसके लिए ऑडिशन दिया था और तुरंत बंद कर दिया गया था।

पेशेवर मोर्चे पर, प्रिया निखिल आडवाणी की एम्मे एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित प्राइम वीडियो सीरीज अधुरा के मुख्य कलाकारों का हिस्सा होंगी। सीरीज का निर्देशन गौरव के चावला ने किया है। सीरीज में मुख्य भूमिका में इश्वाक सिंह और रसिका दुग्गल हैं।

## उर्वशी राय ग्रे में एक पत्रकार की भूमिका में आएंगी नजर



पंजाबी म्यूजिक वीडियो पायल से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस उर्वशी राय अपनी तेलुगु फिल्म ग्रे के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

ट्रेलर पहले ही जारी किया जा चुका है, और फिल्म रोमांस, दर्द और स्पाई प्रेम के इर्द गिर्द बुनी हई है। यह एक स्पाई थ्रिलर है जो दर्शकों को रोलर कोस्टर राइड पर ले जाएगी।

उर्वशी अरुशी शर्मा का किरदार निभाती नजर आएंगी, जो पेशे से पत्रकार हैं और एक प्रमुख समाचार चैनल के लिए काम करती हैं।

वह कहती है कि यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है क्योंकि यह मेरा पहला बड़ा ब्रेक है।

जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, तो यह मुझे अच्छी लगी। यह एक सामान्य पारिवारिक फिल्म की तरह नहीं है और मुझे यकीन है कि फिल्म से कई लोग जुड़ाव महसूस करेंगे।

अपने चरित्र के बारे में बात करते हुए, वह आगे कहती है कि अरुशी का जन्म दिल्ली में हुआ है, और उसका पालन-पोषण हैदराबाद में हुआ। वह बहुत ही आकर्षक, तेज दिमाग वाली और एक स्व-निर्मित लड़की है। वह जब भी बहुत खुश या उदास होती है, तो सैक्सोफोन बजाना पसंद करती है। अपने चरित्र के माध्यम से, वह बहुत कुछ बताती है। फिल्म में उन सभी महिलाओं के लिए कड़ा संदेश जो अपने लुक और व्यक्तित्व के लिए काफी कुछ सुनती हैं।

## घर पर बहुत आसानी से तैयार किए जा सकते हैं बॉडी वॉश, जानिए कुछ तरीके

आजकल बॉडी वॉश काफी चलन में है क्योंकि यह साबुन की तुलना में त्वचा पर हार्श नहीं होता और गहराई से साफ करने के साथ-साथ त्वचा को मॉइश्चराइज भी करता है। वैसे तो आजकल मार्केट में कई तरह के बॉडी वॉश मौजूद है, लेकिन अगर आप बिना पैसे खर्च किए बॉडी वॉश चाहते हैं तो आप इसे खुद ही घर पर बनाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। चलिए फिर आज चार तरह के बॉडी वॉश बनाने के तरीके जानते हैं। सामग्री: आधा कप लिक्विड कैस्टाइल साबुन, दो बड़ी चम्मच शुद्ध नारियल का तेल, दो बड़ी चमम्च ग्लिसरीन, एक बड़ी चम्मच जैतून का तेल, एक बड़ी चम्मच विटामिन-श्व का तेल और किसी भी खट्टे फल से बने



एसेंशियल ऑयल की 20-30 बूंदें। बॉडी वॉश बनाने का तरीका: सबसे पहले एक कटोरे में सभी सामग्रियों को डालकर अच्छे से मिला लें, फिर इस मिश्रण को पंप डिस्पेंसर वाली बोतल में डालें। बस बॉडी वॉश तैयार है। शेल्फ लाइफ: दो साल।

### रूखे प्रकार की त्वचा के लिए बॉडी वॉश

सामग्री: आधा कप बिना चीनी वाला नारियल का दूध, ढाई कप बिना गंध वाला लिक्विड कैस्टाइल साबुन, तीन चम्मच जोजोबा ऑयल, दो चम्मच ग्लिसरीन, एक छोटा चम्मच कच्चा शहद और पांच बूंद टी ट्री एसेंशियल ऑयल। बॉडी वॉश बनाने का तरीका: सबसे पहले एक कटोरे में सभी सामग्रियों को डालकर अच्छे से मिला लें, फिर इस मिश्रण को किसी बोतल में डालें। इस्तेमाल के लिए बॉडी वॉश को स्नान स्पंज पर डालकर इस्तेमाल करें। शेल्फ लाइफ: एक साल।

### मिश्रित त्वचा के लिए बॉडी वॉश

सामग्री: डेढ़ कप लिक्विड कैस्टाइल साबुन, चार चम्मच ग्लिसरीन, 10 बूंद पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल और 10 बूंद इलंग-इलंग एसेंशियल ऑयल। बॉडी वॉश बनाने का तरीका: सबसे पहले एक पंप वाली डिस्पेंसर बोतल में लिक्विड कैस्टाइल साबुन और ग्लिसरीन डालें, फिर इसमें दोनों एसेंशियल ऑयल डालकर बोतल को अच्छे से हिलाएं और इसका बतौर बॉडी वॉश इस्तेमाल करें।

## टांगों में अकड़न होने पर इन एसेंशियल ऑयल्स का करें इस्तेमाल, जल्द मिलेगा आराम

टांगों में अकड़न होना एक कष्टदायक समस्या है, जिसे नजरअंदाज करना थोड़ा मुश्किल है क्योंकि इसके कारण चलने-फिरने में काफी दिक्कत होने लगती है। अगर आपको कभी भी किसी कारणवश ऐसी समस्या हो तो तुरंत डॉक्टर से मिले और उनकी बताई दवाओं के सेवन के साथ कुछ एसेंशियल ऑयल्स का इस्तेमाल करें। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे एसेंशियल ऑयल्स के बारे में बताते हैं, जिनके इस्तेमाल से टांगों की अकड़न जल्द दूर होगी।

**जिंजर एसेंशियल ऑयल**

टांगों की अकड़न से राहत पाने के लिए जिंजर एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल करना लाभदायक साबित हो सकता है।



समस्या से राहत पाने के लिए सबसे पहले एक मुलायम तौलिए को गर्म पानी (ध्यान रखें कि पानी ज्यादा गर्म न हो) में भिगोएं, फिर इसे निचोड़कर इस पर दो-तीन बूंद जिंजर ऑयल की डालें। इसके बाद तौलिए को दर्द से प्रभावित टांग पर लपेटें और जब तौलिया ठंडा हो जाए तो फिर से इसे पानी से भिगोकर पैर पर लगाएं।

**पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल**

पेपरमिंट ऑयल यानी पुदीने के तेल का इस्तेमाल करने से भी टांगों की अकड़न दूर हो सकती है। पुदीने के तेल में कई ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो टांगों को अकड़न से आराम दिला सकते हैं। राहत के लिए पुदीने के तेल की कुछ बूंदें दर्द से प्रभावित टांग पर लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। इसके अलावा, आप चाहें तो पानी में पुदीने के तेल की कुछ बूंदें मिलाकर नहा भी सकते हैं। इससे भी आपको आराम मिलेगा।

**लैवेंडर एसेंशियल ऑयल**

अगर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण किसी टांग में अकड़न हो तो इससे राहत पाने के लिए आप लैवेंडर ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। लैवेंडर के तेल में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण प्रभावित टांग की मांसपेशियों को आराम देने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए लैवेंडर ऑयल की कुछ बूंदें अकड़न से प्रभावित टांग पर लगाएं, फिर हल्के हाथों से मसाज करें। बेहतर परिणाम के लिए दिन में दो बार इस प्रक्रिया को दोहराएं।

**रोजमेरी एसेंशियल ऑयल**

अगर कभी भी टांग में अकड़न हो तो इससे राहत पाने के लिए आप रोजमेरी ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।



## एआईसीएफ ने एफआईडीई उपाध्यक्ष पद के लिए आनंद की उम्मीदवारी का समर्थन किया: विपनेश भारद्वाज

**नई दिल्ली ।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने उपाध्यक्ष पद के लिए पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद की उम्मीदवारी का समर्थन करेगा। आनंद मौजूदा एफआईडीई अध्यक्ष अर्कडी ड्वोरकोविच की टीम के हिस्से के रूप में इस पद के लिए चुनाव लड़ेंगे।

हाल ही में नियुक्त एआईसीएफ के अंतरिम सचिव विपनेश भारद्वाज ने इस मामले पर महासंघ के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा कि पूर्व सचिव भरत सिंह चौहान ने हमेशा निर्विवाद रूप से आनंद की उम्मीदवारी का समर्थन किया है।

भारद्वाज का यह बयान तब आया है, जब हाल ही में ईमेल प्रसारित होने लगे थे, जिसमें कहा गया था कि आनंद के बजाय चौहान सही उम्मीदवार हैं।



हालांकि ईमेल के स्रोत के बारे में पता नहीं चला है। एआईसीएफ के पदाधिकारियों ने ऐसी अफवाहों की निंदा की और कहा कि दोषियों को पकड़ने के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज की जाएगी।

भारद्वाज ने हाईकोर्ट के आदेश पर सचिव के रूप में कार्यभार संभालने के बाद एक बयान में कहा, यह विरोधी सदस्यों द्वारा एक चाल है, जो वास्तव में शतरंज के लिए नहीं बल्कि न केवल एआईसीएफ, बल्कि हमारे देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए है।

उन्होंने कहा, यह पहली बार है जब भारतीय टीम को ओलंपियाड के लिए 2 करोड़ रुपये का प्रायोजन मिला है और स्पष्ट रूप से विपक्ष हमारे अब तक किए गए काम से खुश नहीं है।

ईमेल ट्रेल्स ने दावा किया कि चौहान की नजर एफआईडीई चुनावों में महत्वपूर्ण पद पर है। लेकिन भारद्वाज ने भी चौहान के आरोपों से इनकार किया। जिन्हें हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट ने एआईसीएफ सचिव के रूप में कार्य करने से रोक दिया था।

चौहान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे एआईसीएफ आनंद की उपअध्यक्ष के रूप में उम्मीदवारी का समर्थन करने वाला पहला महासंघ था।

एफआईडीई दिशानिर्देशों के अनुसार, एक महासंघ केवल एक व्यक्ति को नामित कर सकता है और इसे नामांकन के बाद वापस नहीं लिया जा सकता है। चौहान ने कहा कि एआईसीएफ नियमों से अवगत है और आनंद की उम्मीदवारी का तहे दिल से समर्थन करता है।

## एरोन फिंच का खराब फॉर्म चिंता का विषय : शेन वॉटसन

**कोलंबो।** ऑस्ट्रेलिया के टी20 और वनडे के कप्तान एरोन फिंच इन दिनों खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। वहीं, टीम इस साल के अंत में घर में आईसीसी टी20 विश्व कप का खिताब बचाने की तैयारी कर रही है और देश के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन ने सोमवार को कहा कि कप्तान का फॉर्म ऑस्ट्रेलिया के लिए चिंता का विषय है। फिंच को टीम से हटाने की मांग उठ रही है, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज वॉटसन को लगता है कि नए सलामी बल्लेबाज की तलाश में बहुत देरी हो सकती है, क्योंकि टी20 विश्व कप के लिए शायद ज्यादा समय नहीं बचा है। फिंच पिछले एक साल में ऑस्ट्रेलिया के लिए अपने पिछले 18 टी20 मैचों में नौ बार सिंगल डिजिट में आउट हुए हैं। वह इस दौरान केवल दो बार अर्धशतक लगाने में सफल रहे। 35 वर्षीय फिंच भी कोलकाता नाइट राइडर्स



के लिए आईपीएल 2022 सीजन के दौरान अच्छी फॉर्म में नहीं दिखे, क्योंकि उन्होंने पांच मैचों में 86 रन बनाए। वॉटसन ने सोमवार को कहा, मैंने आईपीएल के दौरान विशेष रूप से केकेआर के लिए जो देखा वह बहुत अच्छा नहीं था और इसने मुझे सोच में डाल दिया। उन्होंने आगे कहा, लेकिन आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए बहुत सारे क्रिकेट हैं और मुझे पता है कि वह इसके माध्यम से जितना हो सके उतना काम करेंगे और ऑस्ट्रेलिया के लिए, मुझे वास्तव में उम्मीद है कि वह इसे समस्या से पार पाने में सफल होंगे।

### एक नजर

## सचिन, सहवाग, शास्त्री ने नडाल की ऐतिहासिक फ्रेंच ओपन जीत को सराहा

**पेरिस ।** विश्व के 5वें नंबर के राफेल नडाल ने टूर्नामेंट के फाइनल में कैस्पर रूड को 6-3, 6-3, 6-0 से हराकर अपना 14वां फ्रेंच ओपन खिताब और रिकॉर्ड 22वां ग्रैंड स्लैम खिताब रविवार को अपने नाम किया।

नडाल की ऐतिहासिक जीत के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, रवि शास्त्री और दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के दिग्गज एब डिविलियर्स ने 36 वर्षीय टेनिस महान को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी।

सचिन तेंदुलकर ने ट्विटर पर लिखा, वहां जाना और 36 साल की उम्र में रिकॉर्ड 14वां एट द रेट रोलैंडगैरोस और 22वां ग्रैंड स्लैम जीतना एक अविश्वसनीय उपलब्धि है। बधाई हो राफेल नडाल!

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने नडाल को आधुनिक दिन हरक्यूलिस करार दिया, जबकि वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि स्पेनियार्ड क्ले का राजा है।

## यूरोपीयन जीटी4 सीरीज: अखिल रवींद्र ने ड्राइवरों की रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल किया

**बेंगलुरु ।** बेंगलुरु में जन्मे 25 वर्षीय अखिल रवींद्र ने पेरिस में सर्किट पॉल रिकार्ड में पी5 और पी7 फिनिश के साथ यूरोपीय जीटी4 सीरीज के अपने दूसरे राउंड का शानदार तरीके से समापन किया।

लेमन की रेसिंग स्पिरिट का प्रतिनिधित्व करने वाले अखिल ने अपने शीर्ष 10 फिनिशिंग राउंड 1 और 2 के आधार पर अब कुल 46 अंकों के साथ कुल ड्राइवरों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

एस्टन मार्टिन वैंटेज जीटी4 को चलाने वाले अखिल ने सप्ताह के अपने अभियान की शुरुआत सकारात्मक रूप से की, क्योंकि उन्होंने अपनी टीम के साथी टी कैनिंग के साथ सिल्वर कैटेगरी में क्वालीफिकेशन 1 और 2 में पी2 और पी7 फिनिश किया था।

25 लैप्स से 1:01:37.686 के कुल समय के साथ, अखिल और उनकी टीम के साथी ने रेस 1 में पी5 को समाप्त किया। रेस 2 ने सिल्वर श्रेणी में पी7 के 27 लैप्स के लिए कुल 1:02:38.381 का समय लिया।

## पाकिस्तान की दो क्रिकेटर आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामांकित

**दुबई ।** पाकिस्तान के दो सितारे बिस्माह मारूफ, तुबा हसन के साथ जर्सी की 17 वर्षीय ट्रिनिटी स्मिथ को मई 2022 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामांकित किया गया है। श्रीलंका के खिलाफ तुबा हसन अपनी टीम के लिए सर्वोच्च विकेट लेने वाले खिलाड़ी के रूप में सीरीज खत्म होने के बाद प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्राप्त किया।

हसन के लिए यह एक ड्रीम डेब्यू था, जिन्होंने पहले टी20 में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। उसने अनुष्का संजीवनी को अपने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर आउट किया और उसके बाद हर्षिता माधवी और कविशा दिलहरी को आउट किया और डेब्यू पर 3/8 विकेट लेकर समाप्त किया।

टीम इंडिया ने शुरू की प्रैक्टिस

## उमरान को कोच द्रविड़ ने दिए टिप्स, कार्तिक ने लैप स्कूप और रिवर्स स्कूप शॉट की प्रैक्टिस की

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज से पहले टीम इंडिया ने दिल्ली में प्रैक्टिस शुरू कर दी है। दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में 9 जून को पांच टी-20 मैचों की सीरीज का पहला मैच खेला जाना है। प्रैक्टिस सेशन में टीम में पहली बार शामिल किए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक पर सबकी नजरें थीं। दोनों गेंदबाजों को बॉलिंग कोच पारस महाम्ब्रे ने अलग- अलग प्रैक्टिस करवाई। वहीं, उमरान से कोच राहुल द्रविड़ भी बात करते नजर आए। हालांकि भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल और आवेश खान की मौजूदगी में इन दोनों को प्लेइंग इलेवन में जगह मिलना मुश्किल लग रहा है।



पहली बार टीम में शामिल किए गए उमरान मलिक को कोच राहुल द्रविड़ टिप्स देते नजर आए। उमरान से करीब 20 मिनट तक द्रविड़ ने बात की। इस बीच द्रविड़ बार-बार अपनी अंगुली विकेट की तरफ उठा रहे थे। उमरान पहली बार टीम इंडिया में शामिल किए गए हैं। उन्होंने IPL के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए 157 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकी है।

युवा गेंदबाज अर्शदीप की यॉकर को और सटीक कराने के लिए गेंदबाजी कोच महाम्ब्रे ने बीच की विकेट के सामने क्रीज पर ग्लव्स और वाइड लाइन के सामने एक बोतल रख दी और अर्शदीप को अलग-अलग गेंदें पर इन दोनों को निशाना बनाना था।

## 9 साल 156 दिन में बना दिए 10 हजार रन, 118 मैच बाद सचिन से बेहतर रूट के आंकड़े

न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में शतक लगाकर जो रूट टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम समय में 10,000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। 2012 में अपने डेब्यू के बाद से रूट ने ये आंकड़ा छूने में मात्र 9 साल 156 दिनों का वक्त लिया। उन्होंने अपने ही देश के एलिस्टर कुक का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्हें 10,000 रनों का आंकड़ा छूने में करियर के 10 साल 87 दिन लगे थे। हालांकि, मजेदार बात ये है कि दस हजार रनों तक पहुंचते वक्त कुक और रूट की उम्र एकदम बराबर थी। दोनों ने 31 साल 157 दिन की उम्र में ये आंकड़ा छुआ। वहीं, सचिन तेंदुलकर ने 31 साल 326 दिन की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में दस हजार रन पूरे किए थे। इस रिकॉर्ड के बाद ये चर्चा तेज हो गई




है कि क्या जो रूट टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा रनों के रिकॉर्ड को भी तोड़ सकते हैं। सचिन ने अपने टेस्ट करियर में 53.79 के औसत से 15,921 रन बनाए हैं।

आईए आपको बताते हैं सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड टूटने की कितनी संभावनाएं हैं? दोनों के करियर के शुरुआती 10 साल में रूट का रिकॉर्ड सचिन से बेहतर है। शुरुआती 10 सालों में सचिन ने 73 टेस्ट मैचों में 56.71 के औसत से 5841 रन बनाए थे। वहीं, रूट शुरुआती 10 सालों में 118 मैचों में 49.58 के औसत से 10,015 रन बना चुके हैं। पिछले पांच सालों में रूट के बल्ले से 47 के औसत से 5,421 रन निकले हैं। अभी रूट 31 साल के हैं। सचिन ने अपना आखिरी टेस्ट 40 साल से ज्यादा की उम्र में खेला था। अगर रूट भी इतने लंबे समय तक खेल पाते हैं तो संभावना है कि वे न सिर्फ सचिन का रिकॉर्ड तोड़ देंगे बल्कि उनसे काफी आगे भी निकल जाएंगे।

## तेज रफ्तार पिकअप ने 6 लोगों को रौंदा, हादसे में 4 गम्भीर

**गरियाबंद ।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के लिए जागरूकता रैली में शामिल 4 बाइक को पिकअप ने टक्कर मार दी. बाइक में सवार 6 लोग घायल हुए हैं. इस हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं. घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

दरअसल, विगत 3 दिनों से जिले में ब्रम्हकुमारिज संस्था ने रोड़ सेफ्टी के लिए रैली निकाल कर जागरूकता अभियान चला रहे हैं. आज रैली मैनपुर से होकर देवभोग आ रही थी.

इसी बीच विपरीत दिशा से जा रहे पिकअप ने रैली के 4 बाइक को टक्कर मार दिया. 6 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 4 की हालत गम्भीर बताई जा रही है. घटना के बाद घायलों को देवभोग अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है.

मामले में एसडीओपी अनुज गुप्ता ने बताया कि घायलों को 108 भेजकर तत्काल उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

# सभी ऑफिसों में अपडेटेड हो कार्यालयीन दस्तावेज-कलेक्टर भीम सिंह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सभी कार्यालयों में अभिलेखों तथा पंजियों का अद्यतन संधारण होना चाहिए। कार्यालय प्रमुख इसके लिए अपने अधीनस्थों को निर्देशित करें तथा नियमित रूप से पंजियों की जांच करें। सभी कार्यालयों में सर्विस बुक का सत्यापन भी पूर्ण कर लिया जाए। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। इसके साथ ही उन्होंने लोक सेवा गारंटी के तहत प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी भी कार्यालयीन पंजियों में अपडेटेड हो। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर सिंह ने समय-सीमा की बैठक में जन समस्या निवारण शिविर के तहत प्राप्त आवेदनों तथा उनके निराकरण के बारे में विभागवार समीक्षा की। उन्होंने मांग तथा समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आवेदन पर की गयी कार्यवाही से आवेदक को लिखित रूप में सूचित कर अवगत करायें। पेंशन के प्रकरणों के आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच पर जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण इलाकों में 5 किलो मीटर के भीतर लोगों को वित्तीय लेनदेन की सुविधा मिलनी चाहिए। इस संबंध में उन्होंने बैंक सखियों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि वर्तमान में 197 एक्टिव बैंक सखियां काम कर रही है। उन्होंने गांवों में बैंकिंग सेवाओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने जिले में वृहत रूप से ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन करने के लिए कहा। उन्होंने ब्लॉक मुख्यालयों में कैम्प लगाने तथा उसकी अग्रिम सूचना वहां के



एसडीएम तथा अन्य प्रशासनिक अमलों को देने के निर्देश दिए। जिससे स्थानीय स्तर पर कैम्प का व्यापक प्रचार-प्रसार कर ब्लड डोनेशन के लिए लोगों को मोबिलाईज किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने राजीव युवा मितान क्लब के गठन हेतु प्राप्त नामों का वेरीफिकेशन पूर्ण करने के निर्देश एडिशनल एसपी को दिए।

गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर सिंह ने कहा कि गौठानों में कम्पोस्ट निर्माण में गुणवत्ता तथा मात्रा का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से कम्पोस्ट सैम्पल की जांच करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला समूहों तथा कम्पोस्ट उठाव के भुगतान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी भुगतान नियमित रूप से किए जाये। इसके साथ ही वन विभाग के गौठानों में भी गोधन न्याय योजना के तहत एप के माध्यम से खरीदी करने के निर्देश उन्होंने दोनों डीएफओ को दिए। कलेक्टर सिंह ने पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्यानिकी के केसीसी निर्माण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने केसीसी प्रकरण तैयार किए किसानों को इसकी सूचना देने तथा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने मितान योजना के बारे में चर्चा करते हुए लाभ लेने वाले हितग्राहियों को जरूरी दस्तावेज के बारे में अग्रिम सूचना देकर वे दस्तावेज लेते हुए समय में उन्हें सर्टिफिकेट बना कर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के तहत लोगों को उन्हें घर में जरूरी सेवाओं के सर्टिफिकेट समय-सीमा के भीतर पहुंचाकर दिया जाना है। कलेक्टर भीम सिंह ने बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की। उन्होंने अभिलेख शुद्धता का कार्य भी तेजी से पूरा करने के लिए कहा। साथ ही अविवादित नामांतरण के प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के लिए कहा। कलेक्टर सिंह ने गांवों में 15 जून को विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। जिसमें शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ जनसमस्या निवारण शिविर में उस ग्राम से प्राप्त आवेदनों पर की गयी कार्यवाही का वाचन करने के लिए निर्देशित किया।

## एक नजर

### कुत्ते की दवा पी लेने से किशोरी की इलाज के दौरान हुई मौत

**बिलासपुर ।** मसानगंज में रहने वाली 17 साल की किशोरी ने गलती से घर के कुत्ते की दवा पी ली। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। किशोरी को स्वजन अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम कराया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि मसानगंज में रहने वाली निवेदिता श्रीवास्तव(17) रविवार की शाम अपने घर में ही थीं। स्वजन ने पालतू कुत्ते के लिए दवा मंगाई थी। आधी दवा को कुत्ते को दिया गया था। आधी दवा गिलास में पानी मिलाकर रखी थी। रात आठ बजे निवेदिता ने गलती से दवा वाले गिलास से पानी डालकर पी लिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। स्वजन उसे अस्पताल लेकर गए। उपचार के दौरान सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर स्वजन ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

### परमानंद प्राथमिक उपभोक्ता भंडार मर्या. का निर्वाचन कार्यक्रम जारी

**बिलासपुर ।** राज्य निर्वाचन आयोग छ.ग. के आदेशानुसार परमानंद प्राथमिक उपभोक्ता भंडार मर्या. लोको कॉलोनी का निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार 16 जून को आमसभा आहूत की जाएगी। जिसमें संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु मतदान एवं मतगणना की जाएगी। 26 जून को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न कराया जायेगा।

### बिलासपुर जिले में 1 जून से अब तक 2.8 मि.मी. वर्षा दर्ज

**बिलासपुर ।** बिलासपुर जिले के 5 तहसीलो में 1 जून से आज तक 2.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख बिलासपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार बिलासपुर तहसील में 3.2 मि.मी., बिल्हा में 3.1 मि.मी., मस्तूरी में 2.4 मि.मी., तखतपुर में 1.6 मि.मी., कोटा तहसील में 3.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

नवीन तहसील सकरी, रतनपुर, बेलगहना में वर्षा मापी केन्द्र स्थापित नहीं होने के कारण इन तहसीलो की जानकारी उपलब्ध नहीं है।

### क्लीनर एवं वार्ड असिस्टेंट पदो पर दावा आपत्ति 13 जून तक

**बिलासपुर ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा आधार पर क्लिनर तथा वार्ड असिस्टेंट पदों पर भर्ती के लिए पात्र-अपात्र की सूची जिले के वेबसाईट bilaspur.gov.in में जारी कर दिया गया है। उक्त पदों पर दावा आपत्ति 13 जून 2022 तक स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर नूतन चौक में प्रस्तुत कर सकते है।

### शराब मिलने का पता नहीं बताने पर मार दिया चाकू, मामला दर्ज पुलिस कर रही जांच...

**बिलासपुर ।** सिरगिट्टी क्षेत्र युवकों ने अवैध शराब बिक्री के ठिकाने का पता नहीं बताने पर नाबालिग को चाकू मार दिया। हमले के बाद युवक वहां से भाग निकले। घायल को स्वजन ने अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सिरगिट्टी क्षेत्र के गणेश नगर में रहने वाले मनीष वर्मा 10वीं के छात्र हैं। रविवार की रात 10 बजे वे मोहल्ले में टहलने के लिए निकले थे। रात 10.30 बजे वे साहू किराना दुकान के पास पहुंचे थे।



इसी बीच दो युवक वहां पर आकर शराब बिकने की जगह पूछने लगे। पता नहीं बताने पर युवकों ने गाली-गलौज करते हुए मनीष पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में लहूलुहान मनीष वहीं पर गिर गया। चाकूबाजी के बीच आसपास के लोग वहां पहुंचे तो युवक वहां से भाग निकले। किसी ने घटना की जानकारी मनीष के भाई अभिषेक को दी। इस पर अभिषेक ने अपने भाई को सिम्स पहुंचाया। इसके बाद घटना की शिकायत सिरगिट्टी थाने में की है। शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रतियोगिता 7 जून से शुरू

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** राजीव युवा मितान क्लब के तहत जिले में जिला, विकासखंड, संकुल और ग्राम पंचायत स्तर पर हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती सहित छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन 7 जून से शुरू हो गया है। इसके तहत मरवाही जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बंधौरी में क्रिकेट प्रतियोगिता, निमधा में फुटबॉल, बेलझिरिया में कबड्डी और क्रिकेट, मेढुका में कबड्डी, रटगा में क्रिकेट, सिवनी में कुश्ती प्रतियोगिता हुई। पेंड्रा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत लटकोनी में क्रिकेट प्रतियोगिता और गौरेला जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत डाहीबहरा में कबड्डी सहित ग्राम पंचायतों में खेलों का शुभारंभ हुआ। ज्ञातव्य है कि जिले में 7 से 9 जून तक ग्राम पंचायत स्तर पर, 10 एवं 11 जून को संकुल स्तर पर, 12 एवं 13 जून को खंड स्तर पर और 14 एवं 15 जून को जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी से समन्वय स्थापित कर निर्धारित तिथि के अनुसार खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराने के निर्देश दिए हैं।



## खाने में कम मछली देने के नाम पर हुआ था विवाद पर युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बिलासपुर ।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक ने शनिवार की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पूछताछ में पता चला कि शनिवार को घर में मछली बना था। युवक के लिए मछली कम पड़ गया। इसके कारण उसने स्वजन से विवाद किया। इसके बाद अपने कमरे में चला गया था। सुबह उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटक रहा था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि 27 खोली में रहने वाले रवि केंवट(20) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस पर



पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूछताछ में पता चला कि युवक आए दिन शराब पीता था। इसके कारण उसका स्वजन से भी विवाद होता था। शनिवार की रात उसके घर में मछली की सब्जी बनी थी। खाने के समय उसके लिए मछली कम पड़ गई। इसके कारण उसने अपनी मां से विवाद किया। इसके बाद वह सोने के लिए अपने कमरे में चला गया।

## अभिनेता अखिलेश पांडे को पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित




**बिलासपुर ।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण एवं पर्यटन विकास समिति के द्वारा पर्यावरण विचार काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया इस दौरान पर्यावरण के ऊपर बिलासपुर के कवियों के द्वारा काव्य पाठ किया गया एवं पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लोगों का सम्मान भी किया गया इस दौरान बिलासपुर नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर अभिनेता अखिलेश पांडे को न्यायमूर्ति श्री चंद्रभूषण बाजपेई व राज्य भाषा आयोग के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ विनय पाठक के द्वारा पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया इस दौरान कवि डॉक्टर बृजेश सिंह, सनत तिवारी, सुशील वर्मा, एके यदु, अजय शर्मा, विवेक तिवारी, राघवेंद्र दुबे, बाल गोविंद अग्रवाल, एससी पाटनवार, महेश श्रीवास, बाली यदु, राजू कौशिक, महेंद्र दुबे आदि उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन 6 जून से

**बिलासपुर ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त चार पदों पर भर्ती की जा रही है। नगर पालिक निगम बिलासपुर के वार्ड क्र. 1 बजरंग नगर, वार्ड क्र. 4 गोकुल नगर, ग्राम मुरू तथा ग्राम सकर्रा में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद आमंत्रित किये गये है। आवेदन की तिथि 6 जून से 20 जून 2022 तक है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक अथवा सीधे एकीकृत बाल विकास परियोजना सकरी में कार्यालयीन समय में जमा कर सकते है। सहायिका पद के लिए केवल महिलाओं को ही पात्रता होगी। यह अशासकीय पद है। आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य एवं उसे 8वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। 1 वर्ष या उससे अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली सहायिका को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट दी जाएगी।

## भूगोल बार कर्मचारी के ऊपर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलासपुर ।** बार से बाहर निकालने वाले कर्मचारी से बदला लेने के लिए युवक ने मारपीट की। इस दौरान चाकू से हमला भी किया। इस बीच बार कर्मचारी के साथी पहुंच गए और हमलावर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मारपीट और आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ थाना अंतर्गत गोधना में रहने वाले महेश्वर साहू भूगोल बार में काम करते हैं। वे अग्रसेन चौक के पास बार के स्टाफ रूम में रहते हैं। शनिवार की शाम वे बार में



काम कर रहे थे। इस दौरान बार के अंदर अविनाश राव बोरकर नशे की हालत में उपद्रव करने लगा।

कर्मियों ने इसकी जानकारी बाउंसर को दी। इस पर बाउंसर रिशू राजपूत ने युवक को बाहर कर दिया। रात दो बजे बार कर्मी अपने रूम में जा रहे थे। युवक ने उन्हें लिंक रोड में रोक लिया। बार से बाहर निकालने पर वह महेश्वर से गाली-गलौज करने लगा। इसका विरोध करने पर मारपीट की। इसी बीच उसने चाकू से महेश्वर के चेहरे पर मार दिया। पीड़ित ने इसकी जानकारी बाउंसर रिशू को दी। उसने आकर बीच-बचाव किया और हमलावर युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मारपीट और आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक

# घर के पास मिल रही लोगों को इलाज सुविधा

### मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक के लिए दी गयी है 24 गाड़ियां, 141 स्थानों पर लग रहे ये क्लिनिक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर भीम सिंह के दिशा-निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में जिले के 9 विकासखण्डों में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना के सुचारू रूप से संचालन हेतु 24 गाड़ियां प्रदाय की गई है। वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत कुल 141 हाट-बाजार संचालित किया जा रहा है जिससे जिले के समस्त हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिल सके और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किया जा सके।



मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना का मुख्य उद्देश्य है जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना। मोबाईल यूनिट एक सर्वसुविधा युक्त चलता-फिरता अस्पताल है जिसमें रक्तचाप, मधुमेह, सिकलसेल, एनिमिया, हिमोग्लोबिन, मलेरिया, टायफायड जैसी बीमारियों का इलाज किया जाता है। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना संचालन से जनता को घर के आस-पास ही दैनिक दिनचर्या के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं का भी लाभ मिल रहा है। जिससे प्रारंभिक स्थिति में ही बीमारी की जांच कर त्वरित उपचार व छोटे-छोटे स्वास्थ्य समस्याओं का निराकरण कर गंभीर अवस्था/स्थिति तक पहुंचने से बचाया जा रहा है। मरीज को अस्पताल जाने की भी आवश्कता नहीं होती है तथा गैर संचारी रोगों से होने वाली मृत्यु दर में निश्चित रूप से कमी आएगी जो इस योजना की बड़ी उपलब्धि होगी। इस योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट में एक चिकित्सा अधिकारी, एक ए.एन.एम., लैब टेक्नीशियन, एक फार्मासिस्ट एवं एक वाहन चालक रहते हैं जो जनता को उनके द्वार तक स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करा रहे हैं। बुजुर्ग व्यक्ति और बच्चों के लिए यह वरदान की तरह साबित हो रहा है। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान किये जाने के साथ ही हृदय संबंधी, किडनी संबंधी नि:शुल्क काउंसिलिंग व जांच किया जा रहा है। साथ ही कोविड टीकाकरण, रूटिन टीकाकरण भी चालू कर दिया गया है। सभी विकासखंडों में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना संचालित होने के दो दिवस पूर्व ग्राम के कोटवार के माध्यम से लोगों को जनजागरूक किया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक जनता मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ ले सके।

# विप्र फाउंडेशन की जिलाअध्यक्ष विजय ने की कार्यकारिणी घोषित

### सुनील मस्ता महासचिव सहित 22 सदस्य शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विप्र समाज की प्रसिद्ध संस्था विप्र फाउंडेशन की जिला रायगढ़ की कार्यकारिणी अध्यक्ष विजय शर्मा के नेतृत्व में घोषित कर दी गई है। अध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय संरक्षक सत्यनारायण शर्मा, प्रदेश प्रभारी चरण शर्मा के आशीर्वाद एवं प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा की सहमति से विप्र फाउंडेशन



की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

जिसमें अध्यक्ष विजय शर्मा के अलावा उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, हनुमान शर्मा एवं पवन शर्मा शेरा, महासचिव सुनील मस्ता, सचिव नितेश शर्मा, मनीष शर्मा, सहसचिव संजय शर्मा, रवि शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय विक्की शर्मा, मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रभारी



अधिवक्ता सुनील शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश शर्मा, विनोद शर्मा लालटंकी, जयबीर शर्मा, संत कुमार शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, पवन शर्मा, रवि व्यास, भगवान शर्मा, प्रशांत शर्मा, नवीन शर्मा, संदीप शर्मा शामिल हैं। कार्यकारिणी की घोषणा पर संपूर्ण विप्र समाज ने बधाई देते हुए भविष्य में सर्व समाज के हित में कार्य करने की उम्मीद जताई है।

# प्रधानमंत्री आवास निर्माण में राज्य सरकार सहयोग नहीं कर रही इसलिए हितग्राही को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा -सांसद गोमती साय

## ग्राम पाकरगांव में लगी जनचौपाल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





जिले के लैलूंगा विकासखंड के ग्राम पाकरगांव में संसदीय संकुल परियोजना के तहत रायगढ़ लोकसभा सांसद गोमती साय ने जन चौपाल लगाकर केंद्र सरकार की सभी योजनाओं की चर्चा कर ग्रामीणों से जानकारी ली उन्होंने उपस्थित जनसमूह को बताया कि आयुष्मान भारत के तहत पंजीकृत हॉस्पिटलों में 5 लाख तक के इलाज की व्यवस्था हमारी केंद्र सरकार ने की है। जिनका आधार कार्ड नहीं बना है,किसान कार्ड नहीं बना है। केसीसी नहीं बना है सभी का बनाया जाएग। जब केसीसी बनेगा तभी किसान सम्मान निधि का लाभ किसानों को मिल सकेगा। उज्जवला योजना के तहत जिनको को गैस का कनेक्शन नहीं मिल पाया है उनको भी कनेक्शन दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास को लेकर साय ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आई है तब से प्रधानमंत्री आवास इस सरकार ने बंद कर दिया है केंद्र सरकार ने अपने मद की राशि तो राज्य सरकार को भेज दी थी लेकिन राज्य सरकार प्रधानमंत्री के नाम होने की वजह से इस योजना को चलाने में अक्षम नजर आ रही है जिसकी वजह से 45 हजार करोड़ रुपया जो केंद्र ने पीएम आवास के लिए राज्य को भेजे थे वह वापस ले लिए हैं। सांसद गोमती साय ने ग्रामीणों से सभी योजनाओं की जानकारी लेकर हितग्राहियों को योजना का शत प्रतिशत लाभ दिलाने और समय समय पर किसको लाभ मिला है और किसको नही मिल पाया है इस संबध में विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया। जनचौपाल में पूर्व विधायक सुनीति राठिया, शांता साय, ललित यादव, स्नेह लता सुधार, रमेश पटनायक, ग्राम प्रधान विकास गुप्ता, परेश्वर प्रधान, बालू राम भगत, रवि भगत, राम अनंतराम पैंकरा, देवाधी बेहरा, रामकुमार साय, शिव प्रकाश भगत, संपत भगत, मुन्ना कौशिक के साथ भाजपा कार्यकर्ता एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

विकासखंड के शैक्षिक समन्वयक एवं शिक्षक मास्टर ट्रेनर के रूप में होंगे प्रशिक्षित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा कार्यक्रम शालाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 7 से 9 जून 2022 तक शा.उ.मा.विद्यालय कोतरा में आयोजित किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ आज जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर.पी.आदित्य ने किया। इस मौके पर विषय आधारित शिक्षा व गतिविधि, शाला सुरक्षा व व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान डीएमसी आर. के.देवांगन, सी.के.धृतलहरे विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मनोज अग्रवाल विकास खण्ड श्रोत समन्वयक, मास्टर ट्रेनर डी.पी.पटेल सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, डॉ नरेन्द्र पर्वत उपस्थित रहे। इसी बीच डाइट से अनिल गवेल व प्रधान द्वारा सुरक्षा से संबंधित अपनी बात रखी।

### 144 लोगों को टेलीकंसल्टेशन से मिला स्वास्थ्य परामर्श

**दुर्ग** । 6 से 11 जून तक छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर टेलीकंसल्टेशन सप्ताह आयोजित हो रहा है। इस हेतु दिनांकवार योजना बनाई गई है। इसी के तहत् आज विकासखण्ड पाटन के विभिन्न हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर (उप केंद्र) के माध्यम से 113 ग्रामीणों को उनके समीपस्थ स्थल में ही चिकित्सक एवं विषय विशेषज्ञों से टेलीकंसल्टेशन सुविधा से लाभान्वित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन हब से डॉ आशीष शर्मा, डॉ आशिया परवीन, ज्योति वर्मा ने एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट हब से डॉ बी.कठौतिया ने ई संजीवनी टेलीकंसल्टेशन के माध्यम से विभिन्न रोगों की जांच, परामर्श आदि सेवाएं प्रदान की। जिला अस्पाल दुर्ग हब से डॉ आकांक्षा दानी द्वारा परामर्श दिया गया। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अमलेश्वर से सीएचओ जानकी साहू ने 12 ग्रामीणों, हेल्थ वेलनेस सेंटर चरोदा से सीएचओ सोशन फिलिप ने 10 ग्रामीणों , सांकरा से सीएचओ दिव्या सिंह ने 9 ग्रामीणों को टेलीकंसल्टेशन से लाभान्वित किया।

## शिविर में वार्डवासियों के आवेदनों का मौके पर हुआ निदान

**दुर्ग** । नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज वार्ड 55 साहू भवन बजरंग चौक पुलगांव में जन समस्य समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वार्डवासियों से मिले राशन कार्ड व पेंशन के 12 आवेदनो का मौके पर ही निराकरण किया गया।

शिविर में जन समस्या को लेकर आवेदन देने पहुंचे आवेदकों ने शिविर का जायजा लेने पहुचे विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल व निगमायुक्त हरेश मंडावी के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। शिविर में वार्ड पार्षद बिमलेश्वरी निषाद,राजकुमार नारायणी, अजय मिश्रा व विकास यादव मौजूद रहे जहां निगम के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के मंशानुरूप वार्डवासियों को सौगात देकर उनका निराकरण किया। शिविर में वार्डवासियों ने आवेदन का मौके पर निदान होने पर नगर निगम का आभार व्यक्त किया शिविर में विधायक महापौर आयुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के आदेश दिए शिविर नागरिकों की मूलभूत समस्या जैसे पानी, बिजली, सफाई, राशन कार्ड, पेंशन, नामान्तरण, आबादी पट्टा सहित अन्य समस्याओं हेतु लगाया गया। शिविर में कुल 263 आवेदन मांग एवं शिकायत के प्राप्त हुए। पट्टे से सम्बंधित 240 आवेदनों को सक्षम आधिकारी को प्रेषित किया गया पेंशन से संबंधित प्राप्त 10 आवेदनों का मौके पर उनके खाते में पैसा जमा होने की जानकारी प्रदान कर निराकरण किया गया।

## बाबा मूसा शहीद का उर्स 11 जून को

11 जून को अनवर जानी मुंबई और सईद फरीद निजानी यूपी पेश करेंगे कव्वाली

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



**नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया व खाद्य मंत्री अमरजीत होंगे मुख्य अतिथि**

बाबा हजरत सैय्यद मूसा शहीद रहमतुल्लाह अलैह का 96 वां सालाना उर्स शुक्रवार 10 जून से होगा। 11 जून शनिवार को देश के मशहूर कव्वाल अनवर जानी मुंबई और सईद फरीद निजानी यूपी की कव्वाली का कार्यक्रम होगा। मुस्लिम जमात रतनपुर द्वारा जूना शहर स्थित दरगाह में बाबा हजरत सैय्यद मूसा शहीद रहमतुल्लाह अलैह का 96 वां सालाना उर्स शुक्रवार 10 जून से मनाया जाएगा। शुक्रवार को बाद नमाज असर करैहापारा स्थित जामा मस्जिद से संदल चादर निकाला जाएगी जो हटरी स्थित साईं बाबा के दरगाह में चादरपोशी कर शहर गस्त करती हुई मदारबाड़ा पहुंचेगी। जहां फ तेहाख्वानी के बाद संदल चादर बाबा हजरत सैय्यद मूसा शहीद रहमतुल्लाह अलैह की जूना शहर स्थित दरगाह पहुंचेगी। जहां गुस्ल के बाद अकीदत के साथ संदल चादर पेश किया जाएगा। बाद नमाज ईशा ओलमा ए कराम की तकरीर होगी। शनिवार 11 जून को रात 9 बजे से कव्वाली का कार्यक्रम होगा। इसमें मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन एवं श्रम कल्याण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन शिव डहरिया व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत होंगे। अध्यक्षता महापौर रायपुर एजाज ढेबर करेंगे अतिविशिष्ठ अतिथि विधायक रेणू जोगी, धर्मजीत सिंह, शैलेश पाण्डेय पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, जितेन्द्र मुदलियार होंगे विशिष्ठ अतिथि के रूप में आमीन मेमन, विजय केसरवानी विवेक वाजपेयी शेख नज़रुददीन त्रिलोक चंद्र श्रीवास, आरिफ खान, यासमीन खान, नपा अध्यक्ष घनश्याम रात्रे उपस्थित रहेंगे। कव्वाली के कार्यक्रम में देश के मशहूर कव्वाल अनवर जानी मुंबई और सईद फ रीद निजानी यूपी की कव्वाली का कार्यक्रम होगा। 12 जून रविवार की सुबह बाद नमाज फजर रंग की महफिल के बाद कुल की फातेहा होगा।

## कुनकुरी के विद्यार्थी मेरिट में जब पहले स्थान पर स्थान बनाएंगे तभी इसकी स्थापना सार्थक होगी-यूडी मिंज

जोहार छत्तीसगढ़-कुनकुरी।



कुनकुरी विधायक एवं संसदीय सचिव यू डी मिंज आज संकल्प कुनकुरी पहुंचे अधिकारियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की बैठक लेकर अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दी और आने वाले वर्षो में बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने संकल्प शिक्षण संस्थान में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में राज्य में मेरिट में स्थान बनाने और बेहतरीन प्रदर्शन करने पर संकल्प के प्राचार्य और सभी शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से निरंतर संकल्प संस्थान का श्रेष्ठ प्रदर्शन होना चाहिए इसके लिए उन्होंने संकल्प के स्टॉफ को प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर तत्काल उनसे संपर्क कर अवगत कराएं। कुछ मांगे जो उनके समक्ष रखी गई उन्हें उन्होंने तत्क्षण पूर्ण करने की पहल की। मुख्यमंत्री के दौरे के संबंध में सभी आवश्यक तैयारियों का भी उन्होंने जायजा लिया। उन्होंने कहा कि संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी का नाम रोशन किया है और मेरा विश्वास है कि हर वर्ष यहां से छात्र मेरिट में आएंगे और कुनकुरी को गौरवन्वित करते रहेंगे इसके लिए सभी अभी से कमर कस कर तैयारी कर ले सबसे अधिक खुशी तब होगी जब यहां के छात्र छात्राएं मेरिट में पहले स्थान पर स्थान बनाएंगे तभी इसकी स्थापना सार्थक मानी जाएगी। कार्यक्रम में एसडीएम कुनकुरी रवि राही, सुपरिटेंडिंग इंजीनियर विद्युत विभाग राजेश लकड़ा, कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग नंदराम भगत एवं वरिष्ठ समाजसेवी एस इलियास विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसआर साव, प्राचार्य संकल्प कुनकुरी वाई आर कैवर्त, संकल्प कुनकुरी के व्याख्याता अरविंद कुमार मिश्रा, नवनीत रमन नारंग, अर्चना जेराल्ड तिर्की, प्रभा चौहान, छात्रावास अधीक्षक सुमन तिर्की, संकुल समन्वयक देवनारायण राम सहित संकल्प कुनकुरी के सभी कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म में सहयोग करने वाले 3 सहआरोपियों को लैलूंगा पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



लैलूंगा पुलिस द्वारा महिला संबंधी अपराध में फरार चल रहे आरोपियों की पतासाजी के क्रम में 07 जून 2022 को दुष्कर्म मामले के सह आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। घटना के संबंध में थाना लैलूंगा में 20 मई 2022 को ग्राम टेटकाआमा के कृष्णानंद जायसवाल पिता वंशनारायण उम्र 27 साल के विरूद्ध स्थानीय महिला द्वारा घर घुसकर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। मामले में मुख्य आरोपी कृष्णानंद जायसवाल को लैलूंगा पुलिस द्वारा दुष्कर्म के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। पीड़िता अपने बयान में बताई कि घटना 17 मई 2022 को आरोपी कृष्णानंद जायसवाल के साथ एक मोटर सायकल में लक्ष्मण चक्रवर्ती और दूसरे मोटर सायकल में सागर चक्रवर्ती और सुखलाल पैकरा आये थे जो घटना के समय घर के बाहर थे। सभी को पहचानती है। अपराध की विवेचना में आरोपी कृष्णानंद जायसवाल को उनके तीन साथियों द्वारा अपराध में सहयोग करना पाये जाने पर 07 जून 2022 को थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक एनएस मरकाम द्वारा आरोपियों की पतासाजी कर आरोपी लक्ष्मण चक्रवर्ती पिता श्यामलाल चक्रवर्ती 22 वर्ष, सागर चक्रवर्ती पिता लक्ष्मी प्रसाद चक्रवर्ती 25 वर्ष एवं सुकलाल पैंकरा पिता लोहार साहेब पैंकरा उम्र 36 वर्ष सभी निवासी रूपडेगा थाना लैलूंगा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## नागवंशी कल्याण युवा समिति ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे का वितरण किया

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विविध क्षेत्र में सेवा कार्य करने वाले नागवंशी कल्याण युवा समिति के द्वारा ग्राम पंचायत कोड़ासियां कुशियारी पारा विख लैलूंगा, जिला.रायगढ़ छग और ग्राम पंचायत काड़रो विख पत्थलगांव,जिला जशपुर छग दोनों क्षेत्रों में युवा समिति के द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से तथा पेड़ पौधों और पर्यावरण की सुरक्षा हो इस उद्देश्य और निमित्त से पौधे वितरण का कार्यक्रम ग्रामवासियों के समक्ष सम्पन्न हुआ जिसमें युवा समिति के पर्यावरण प्रभारी नन्दकुमार बाघ जी ने पर्यावरण के महत्व के विषय में संक्षिप्त रुप में बताते हुए कहा कि पेड़ पौधों से ही हमें आक्सीजन मिलती है। मरकर सुख जाने पर लकड़ी एवं अन्य फर्नीचर सामग्री बनाते हैं यदि इन्हें हम सुरक्षित रखेंगे तो हम भी सुरक्षित रहेंगे। इसलिए खुद जागरुक होकर पौधे लगायें तथा सभी लोगों को जागरुक कर पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें इस प्रकार संबोधित किये। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हीराराम नाग शिक्षक के शुभ हाथों द्वारा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किये उन्होंने ने भी पर्यावरण रक्षा करने के अनेक बातें बताये उनकी सभी बातें लोगों के लिए प्रेरणाप्रद रहीं।युवा समिति के प्रांतीय उपाध्यक्ष जयराम नागवंशी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वृक्षो रक्षति रक्षित:अर्थात् वृक्ष की रक्षा करने से वह हमारी रक्षा करता है और उसकी विनाश करने से वही हमारे विनाश का कारण बनती है। इसलिए प्रत्येक वर्ष सभी को पौधे लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करनी चाहिए कहते हुए कार्यक्रम को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग करके सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिये। वहां उपस्थित भूतपूर्व बीडीसी मीरा बाई नाग, परमीला नाग, बुधियारो नाग,नेपाल नाग शिक्षक, नीतेश नाग तथा ग्रामवासियों के साथ युवा समिति के कार्यकारिणी सदस्य जयराम नागवंशी प्रांतीय उपाध्यक्ष, जगत राम नाग,प्रांतीय सचिव, नन्दकुमार बाघ सह कोषाध्यक्ष, प्रदीप नाग प्रांतीय सह संगठन मंत्री,हेमसागर नाग रायगढ़ क्षेत्रीय अध्यक्ष, संजय कुमार नाग;रायगढ़ क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष,मुकित नाग जशपुर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाये।

सफलता की कहानी

## अब नहीं गिरते आंसूओं के बूंद, बहती यहां पानी की धार

सोलर ड्यूल पंप से जल संकट वाले गांवों में दूर होने लगी पेयजल की समस्या

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीरचाम्पा।





यह जांजगीर-चाम्पा जिले के बलौदा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम करमा और सक्ती विकास खंड अंतर्गत पुजेरीपाली गांव है। भले ही इन दोनों गांव में रहने वाले परिवारों की संख्या बहुत ज्यादा नहीं है। लेकिन पानी को लेकर यहां की समस्या बहुत बड़ी है। गर्मी क्या आई कुंए तालाब तो सूख ही जाते थे। गांव का हैंडपंप भी जलस्तर नीचे जाने से जवाब दे जाता था। इस गांव के लोगों ने ऐसे कई गर्मी के मौसम देखे हैं। जो उन्हें पानी के बूंद-बूंद के लिए मोहताज करते हुए उनकी आंखों से आंसुओं के बूंद गिराए हैं। अब जबकि गांव में सोलर ड्यूल पम्प लग गया है तो यहा पीने के पानी के लिए गर्मी के दिनों में किसी भी ग्रामीणों को आंखों से आसुओं की बूंद नहीं गिराना पड़ता। सोलर ड्यूल पंप से गांव में लगे नल और घरों के कनेक्शन से उन्हें पानी की धार मिल जाती है। जिससे घरेलू कार्य आसान हो गए हैं। बलौदा ब्लाक के करमा और सक्ती ब्लॉक के ग्राम पुजेरीपाली में जल जीवन मिशन के माध्यम से सोलर ड्यूल पंप लगाया गया है। जल संकट वाले इस ग्राम में हर साल गर्मी के दिनों में पानी की समस्या विकराल हो जाती थी। करमा गाँव की महिला पटैतीन बाई ने बताया कि पास का तालाब और कुंए गर्मी आते ही सूख जाते हैं। जिससे सभी को पानी के लिए जूझना पड़ता है। जलस्तर नीचे चले जाने के बाद समस्या और भी बढ़ जाती थी। पुजेरीपाली गांव की युवती हाजरीन बानों ने बताया कि पास का हैण्डपम्प से लगातार पानी निकालने से हैंडपंप भी बिगड़ जाते थे। गांव में सोलर पंप लगा है, जिससे गांव वालों को आसानी से पीने का पानी मिलने लगा है। उन्होंने बताया कि घरों में पेयजल के लिए सबसे ज्यादा महिलाओं को ही परेशानी उठानी पड़ती थी। उन्हें ही दूर कहीं से पानी लाना पड़ता था। अब ऐसी समस्या दूर हो गई है। पुजेरीपाली गांव के शेख मोहम्मद का कहना है कि सोलर ड्यूल पंप लगाना बहुत अच्छी पहल है। इससे स्वच्छ पेयजल मिल रहा है। घरों में नल का कनेक्शन भी लगा है। पानी की सप्लाई से गांव वालों को राहत मिलने लगी है। सोलर ड्यूल पंप लग जाने से 24 घण्टे पानी की सुविधाएं मिल गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा हर घर पेयजल पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला के निर्देशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जांजगीरचाम्पा जिले में 478 ग्रामों में क्रेडा के सहयोग से सोलर ड्यूल पंप स्थापित कराकर घरों में नल कनेक्शन दिया गया है। जिले में कुल 581 सोलर ड्यूल पम्प स्वीकृत है।

# बीआरसी केंद्र में मुख्यमंत्री शाला व व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

## डाइट प्राचार्य व थाना प्रभारी कार्यक्रम में हुए शामिल, सुरक्षा को लेकर दिए सुझाव





जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ में स्थानीय बीआरसी कार्यालय में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा व व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना कर की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के सभी संकुलों से प्रशिक्षण के लिए चयनित शिक्षकों को बच्चों व आम लोगों की सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षण देना है। जिसके बाद प्रशिक्षित शिक्षक स्कूल के अन्य शिक्षकों को ट्रेनिंग देंगे। कार्यक्रम के दौरान डाइट प्राचार्य व थाना प्रभारी ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए सभी की सुरक्षा को लेकर किये जा सकने वाले उपायों को अपनाने की बात कही। साथ ही मास्टर ट्रेनर रविशंकर सारथी व लोकनाथ प्रधान ने कहा कि यह क्षेत्र हाथी प्रभावित है इस कारण भी सुरक्षा को लेकर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान डाइट प्राचार्य अनिल पैंकरा, धरमजयगढ़ थाना प्रभारी विजय पैंकरा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रविशंकर सारथी व अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बता दें कि इस 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के 54 संकुलो के मास्टर ट्रेनर्स शामिल हुए।

# तेंदुमार मार्ग में रेत से भारी ट्रेक्टर ट्राली पल्टी बड़ा हादसा टला

## हाइड्रोलिक पाइप टूटने से हुआ हादसा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



तेंदुमार मार्ग में रेत से भरा ट्रैक्टर पलटकर क्षतिग्रस्त हो गया है बताया जा रहा है ट्रेक्टर का हाइड्रोलिक पाईप टूट जाने से यह हादसा हुआ है रेत से भरा ट्राली इंजन से अलग होकर सड़क में खड़ा हो गया। जिसे फि लहाल ट्रेक्टर मालिक द्वारा उठवाया गया। जानकारी के मुताबिक बता दें। धरमजयगढ़ मांड नदी से सुबह करीब 9 बजे एक ट्रैक्टर रेत भरकर तेंदुमार जा रहा था किसी शासकीय निर्माण कार्य के लिए तभी तेंदुमार मोड़ में ट्रैक्टर का हाइड्रोलिक पाईप टूट गया लिहाजा ट्राली पलटकर सड़क में खड़ा हो गया हालांकि इस हादसे में किसी की हताहत की ख़बर नही है लेकिन एक बड़ी अनहोनी टल गई है राहत की बात रही कि ट्राली में मजदूर सवार नही थे वरना बड़ी घटना घट सकती थी बहरहाल ट्रेक्टर मालिक द्वारा बाहरी मजदूरों की मदद से पलटे ट्राली को कड़ी मशक्कत के बाद उठा कर ले जाया गया है।

# घर घुसकर नाबालिग लड़की से किया छेड़छाड़, थाने में मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




घर में सूनेपन का फ ायदा उठाकर नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। मामला धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत रैरुमा चौकी क्षेत्र के ग्राम ससकोबा की है। जहां एक युवक ने घर घुसकर नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ किया है। पीड़ित लड़की ने रैरुमा चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। 5 जून को दोपहर पीड़ित लड़की तबीयत खराब होने पर खाना खाकर घर में सोई हुई थी। उसकी मां बाहर आम बीनने के लिए गई थी। इसी बीच दोपहर 3 बजे गांव का नन्दलाल राठिया उर्फ नन्दू पिता गुरबारू राठिया उम्र 24 वर्ष घर को सुना देखकर घुस गया। जहां लड़की अकेली सोई हुई थी। तब आरोपी नन्दलाल ने लड़की को कहा कि ऐसे कपड़े पहनकर क्यों सोई हो मैं तुम्हारा फोटो खींच लिया हूं। तब लड़की उठकर घर से बाहर जाने लगी तो आरोपी युवक ने बदनीयती से लड़की के कमर को पकड़ पटककर ऊपर पहने कपड़े को फाड़ दिया। तब पीड़ित लड़की चिल्लाने लगी वहीं लड़की की मां को अंदर आते देख युवक भाग गया। घटना की जानकारी पीड़िता ने अपने परिजनों को दी। वहीं थाने में शिकायत दर्ज कराई। जिसपर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 96/22 धारा 452, 354 एवं पॉस्को एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# मवेशी तस्कर को घररघोड़ा पुलिस ने किया गिरफ्तार

6 गायें एवं पिकअप को पुलिस ने किया जप्त
आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।



थान प्रभारी प्रवीण मिंज ने मवेशी तस्कर को मवेशी सहित किया गिरफ्तार। घरघोड़ा थाना प्रभारी प्रवीण मिंज को मुखबिर से सूचना मिला की रायगढ़ की ओर से एक सफेद रंग का बिना नंबर का पिकअप में मवेशी भरकर ले जा रहे हैं। थाना प्रभारी मिंज को सूचना मिलते ही अपनी टीम के साथ तमनार रोड झरियापाली के पास नाकाबंदी किया। तोड़ी देर बात एक बिना नंबर सफेद रंग का पिकअप को रोककर तलाशी लेने पर पिकअप में 6 नग गाय को तस्करी करने के लिए हाड़ीपानी लैलूंगा ले जा रहा था। पशु तस्करी के मामले में आरोपी दीपक टण्डन से एक सफेद रंग का पिकअप, 6 नग गाय को जप्त करते हुए घरघोड़ा पुलिस ने पशु तस्कर दीपक टण्डन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# धरमजयगढ़ के नए एसडीएम मनीष मिश्रा होंगे

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



रायगढ़ कलेक्टर भीमसिंह ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से तथा कार्यालयीन कार्यों को सुचारू रूप से संपादित किए जाने हेतु आगामी आदेश तक के लिए राज्य सेवा के चार अधिकारियों को अलग-अलग अनुविभाग में पदस्थ किया है। जिसमें अनुविभाग सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं रायगढ़ शामिल है। पूर्व में राज्य शासन द्वारा जारी आदेश में चारों अनुविभाग के अधिकारियों को अन्य जिलों में स्थानांतरित किया गया है। कलेक्टर के आदेशानुसार मनीष मिश्रा धरमजयगढ़ के नए एसडीएम होंगे। वर्तमान में पदस्थ एसडीएम सीमा पात्रे का कोरबा जिला स्थानांतरण हुआ है। वहीं राजीव कुमार पाण्डेय एसडीएम सारंगढ़, डिगेश पटेल एसडीएम घरघोड़ा एवं गगन शर्मा एसडीएम रायगढ़ होंगे।

# नाले की सफाई के लिए गैंग में अतिरिक्त कामगार लगाएं

**दुर्ग** । स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन के चेयरमेन वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने शहर के प्रमुख नालों की सफाई कार्य का निरीक्षण किया। वोरा ने शंकर नाला, शक्ति नगर नाला और केलाबाड़ी नाले में सफाई का काम तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये। वोरा ने साफ कहा कि बारिश शुरू होने से पहले सभी नालों की सफाई का काम पूरा हो जाना चाहिए। विद्यापीठ स्कूल के पास शंकर नाला का निरीक्षण करने के बाद वोरा उरला टेल एरिया में भी सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नाले में उगी झाड़ियों की सफाई जरूरी है। इसके कारण पानी का बहाव रुकता है और बस्तियों में जलभराव होने लगता है।

## एक नजर

# ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा बरनी पूजा पाठ

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।



आज कल वनांचल क्षेत्रों में ग्रामीण संस्कृति के अनुसार गांव बरनी पूजा पाठ ग्राम बैग, ग्राम पुजार, बैगा का सहयोगी एवं ग्रामीण जनता द्वारा जोरों से चल रहे हैं इस पूजा का मान्यता यह है कि ग्राम बैगा द्वारा अपने सरना क्षेत्र के ग्रामीण जनता का सुख समृद्धि एवं ग्राम में किसी बीमारी का प्रकोप न हो सबकी रक्षा हेतु महादेव पार्वती, ग्राम देवता स्थान देवता, सरना देवता से मन्नत किया जाता है जो यह परम्परा बहुत प्राचीन काल से चलते आ रहा है यह पूजा प्रत्येक वर्ष बरसात पूर्व किया जाता है यह कार्यक्रम को बैगा के द्वारा पूजा पाठ कर सम्पन्न किया जाता है। ग्रामीण अपने अपने घरों से पूजन सामग्री अक्षत चावल लेकर जाते हैं गांवों में इसका बहुत महत्व रहता है जिसे लोग वार्षिक उत्सव के रुप में मनाते हैं। और वनांचल क्षेत्र में यह कार्यक्रम प्रत्येक ग्राम में मनाया जाता है।

# रतनपुर गांव में फांसी के फंदे में लटकती मिली नाबालिग लड़की की लाश,गांव में फैला सनसनी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ के कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रतनपुर पंचायत के मऊहार पारा में फांसी के फंदे पर नाबालिग लड़की की लाश मिलने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। बता दें, घटना 06 जून का बताया जा रहा है। नाबालिग लड़की का नाम सीमा राऊत साकिन मऊहारपारा रतनपुर की है जो की कक्षा सातवीं की छात्रा थी। बताया जा रहा है उसके माता पिता नहीं हैं, जो कि वर्तमान में वह अपने दादाजी के यहां रहती थी। मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग लड़की दोपहर अचानक घर से गायब हो गई। काफी समय बीतने पर दादाजी अपनी नतनी को ढुंढने लगाए एवं अड़ोस पड़ोस में जाकर पतासाजी करने लगा। लेकिन बालिका का कहीं पता नही चल पाया। फिर गांव के ग्रामीणों ने लगभग 4 बजे करीब बस्ती के किनारे अमरूद के पेड़ में बालिका को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। और फि र धीरे-धीरे पुरे गांव में घटना की खबर आग की तरह फैल गई। जिसके बाद गांवासियों द्वारा कापु थाने में घटना की सूचना दी गई सुचना मिलते ही कापु पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल नाबालिग ने मौत को गले क्यों लगाया एक पहेली बनी हुई है। जिसका खुलासा संभवत: पुलिस जांच व पी एम रिपोर्ट पश्चात हो सकता है।

# अब धूप में नही जलेंगे पांव, कलेक्टर साहू ने टूटे चप्पल में देख बुजुर्ग महिला को दिलाई चप्पल

## जनचौपाल में 130 लोगों ने दिये आवेदन

**कोरबा** । जनचौपाल में आज कलेक्टर रानू साहू ने एक बार फिर संवेदनशीलता की मिशाल पेश की। कलेक्टर साहू ने नागरिकों की समस्याओं-सुझावों को सुनने के लिए आयोजित जनचौपाल के दौरान जनचौपाल में आयी बुजुर्ग महिला के पैरो में टूटे चप्पलो को देखकर तत्काल उन्हे नये चप्पल दिला दी। उन्होने विकासखण्ड करतला अंतर्गत ग्राम गनियारी निवासी बुजुर्ग महिला रामता बाई कंवर को अपने हाथो से नया चप्पल प्रदान किया।

नया चप्पल पाकर बुजुर्ग महिला ने खुशी जताते हुए कलेक्टर साहू की प्रशंसा की। उन्होने कहा कि पुराने और फट चुके चप्पल से तपती धुप में चलने में परेशानी होती थी। पांव भी जलते थे। नये चप्पल मिल जाने से अब धूप में भी चलने में आसानी होगी। नये चप्पल के कारण पांव भी नही जलेंगे। इसके लिए उन्होने कलेक्टर साहू का आभार भी जताया। जनचौपाल में आज जिले वासियों ने अपनी समस्याओं, शिकायतों और सुझावों को जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। जन चौपाल में आज 130 लोगों ने कलेक्टर साहू को अपनी समस्याओं-सुझावों से अवगत कराया। कलेक्टर रानू साहू ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित जनचौपाल में लोगों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निदान के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने संवेदनशीलता के साथ पहल करके नागरिकों की मदद करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

# राजस्व ग्राम की मांग को लेकर गहना झरिया के ग्रामीणों ने किया हड़ताल

## एसडीएम के आश्वासन के बाद धरना से उठे ग्रामीण




जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



तहसील क्षेत्र लैलूंगा अंतर्गत ग्राम पंचायत गहना झरिया के ग्रामीणों ने राजस्व ग्राम की मांग को लेकर तहसील कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना देकर प्रदर्शन किया बता दें कि इस दौरान गहना झरिया क्षेत्र के भारी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे। उपस्थित ग्रामीणों ने एसडीएम रात्रे को ज्ञापन सौंप जल्द राजस्व ग्राम बनाए जाने की मांग की वहीं एसडीएम एवं तहसीलदार ने एक महीने में मांग पूरी किए जाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया तत्पश्चात ग्रामीणों ने हड़ताल खत्म किया।

# शराब बेचने एवं सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वालों की खैर नहीं, घरघोड़ा पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।






सार्वजनिक क्षेत्र में शराब पीने एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों की अब खैर नहीं है। क्योंकि की घरघोड़ा पुलिस ताबड़तोड़ कार्यवाही कर रही है। एसपी रायगढ़ अभिषेक मीणा के निर्देशानुसार एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी घरघोड़ा प्रवीण मिंज एवं उनकी टीम ने अवैध शराब बेचने वालों में खलबली मचा दी है। क्षेत्र में जहां जहां भी अवैध शराब बिक रही है पुलिस टीम वहां वहां दबिश देकर कार्यवाही कर रही है। वहीं सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वालों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। थाना प्रभारी मिंज के इस ताबड़तोड़ कार्यवाही जनचर्चा का विषय बन गया है। मिंज की मुखबिरी तन्त्र बहुत मजबूत होने से अवैध शराब विक्रेताओं को कटघरे तक पहुंचाने में आसानी हो रही है। विगत दो तीन दिनों में अवैध शराब बेचने वाले 4 एवं सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वाले 10 लोगों पर कार्यवाही की है। जिसमें अपराध क्रमांक 184/22 धारा 36 च, विकास कुमार निवासी घरघोड़ा, अपराध क्रमांक 185/22 धारा 36 च, छोटेलाल यादव निवासी गोहड़ीडीपा घरघोड़ा, अपराध क्रमांक 186/22 धारा 36 च,प्रेम टोप्पो निवासी गोहड़ीडीपा घरघोड़ा, अपराध क्रमांक 187/22 धारा 36 च, संदीप श्रीवास्तव निवासी घरघोड़ा, अपराध क्रमांक 188/22 धारा 36 च, चित्रसेन चौहान निवासी डोलेसरा तमनार, अपराध क्रमांक 189/22 धारा 36 च, गजेंद्र प्रसाद निवासी डोलेसरा तमनारए अपराध क्रमांक 190६22 धारा 36 च, मनमोहन राठिया निवासी चिमटापानी, अपराध क्रमांक 191/22 धारा 36 च, समीरसिंह राठिया निवासी चिमटापानी, अपराध क्रमांक 192/22 धारा 36 च, ननकू प्रसाद निवासी चिमटापानी, अपराध क्रमांक 184/22 धारा 36 च, शलितराम निवासी कुर्मिभौना सभी को सार्वजनिक जगहों पर शराब पीते हुए पकड़कर कार्यवाही किए हैं। वहीं अपराध क्रमांक 195/22 धारा 34 1,क गोपाल चौधरी निवासी बैहामुड़ा, अपराध क्रमांक 196/22 धारा 34 1,क गोपी खांडे निवासी वार्ड क्रमांक 04 घरघोड़ा, अपराध क्रमांक 197/22 धारा 34,1,क अमृतलाल चौहान बैहामुड़ा, अपराध क्रमांक 197/22 धारा 34, 1,क रूपेंद्र पटेल निवासी बैहामुड़ा को अवैध शराब बेचते हुए पकड़े जाने पर कार्यवाही किए हैं। इस बीच थाना प्रभारी के नेतृत्व में उनकी टीम ने पैसा का दांव लगाकर जुआ खेलने वालों को भी पकड़ा है। जिसमें अपराध क्रमांक 193/23 के दीनबन्धु दास निवासी कुडुमकेला, रोशन रात्रे, गनपत रात्रे, गंगाप्रसाद तीनों नवागढ़ के निवासी शामिल हैं। थाना प्रभारी मिंज इससे पहले लैलूंगा थाना प्रभारी एवं छाल प्रभारी रहते हुए भी अवैध कारोबारियों पर लगातार कार्यवाही करते रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in